वर्ष-10, अंक 63 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
Adhunik Samachar
प्रयागराज शनिवार 11 मई, 2024
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसए डोभाल ने ब्रिटिश समकक्ष बैरो संग की सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा, एस जयशंकर ने कही ये बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने गुरुवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष टिम बैरो के साथ महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और



सुरक्षा के क्षेत्र में भारत-ब्रिटेन सहयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक बातचीत की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी बैरो के साथ अलग से चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने गुरुवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष टिम बैरो के साथ महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और सुरक्षा के क्षेत्र में भारत-ब्रिटेन सहयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक बातचीत की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी बैरो के साथ अलग से चर्चा की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पोस्ट कर बैरो से मुलाकात पर खुशी जताई। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पोस्ट कर बैरो से मुलाकात पर खुशी जताई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि डोभाल और बैरो के बीच बातचीत प्रौद्योगिकी और सुरक्षा पहल पर केंद्रित रही। यह महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को मजबूत करने के लिए एक प्रमुख द्विपक्षीय तंत्र साबित होगी। उन्होंने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। बैरो की यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेगी।

### 'हमें नहीं दिया कोई सबूत', तीन भारतीयों की गिरफ्तारी पर कनाडा को भारत ने सुनाई खरी-खरी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में कनाडा सरकार ने तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार



किया है। भारत ने कनाडा के इस एक्शन को लेकर कहा है कि उसे कनाडा की ओर इस संबंध में कोई औपचारिक संदेश नहीं मिला है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले में कोई 'विशिष्ट' सबूत या प्रासंगिक जानकारी प्रदान नहीं की है और कोई 'औपचारिक संदेश' भी प्रदान नहीं किया गया है। भारत ने कनाडा के इस एक्शन को लेकर कहा है कि उसे कनाडा की ओर इस संबंध में कोई औपचारिक संदेश नहीं मिला है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले में कोई विशिष्ट सबूत या प्रासंगिक जानकारी प्रदान नहीं की है।

## नरेन्द्र दाभोलकर हत्याकांड में कोर्ट में आज सुना सकती है फैसला, 11 साल बाद परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पुणे।** सामाजिक कार्यकर्ता डा. नरेन्द्र दाभोलकर की हत्या के मामले के मामले में पुणे की एक विशेष अदालत शुक्रवार को अपना अंतिम फैसला सुना सकती है। करीब 11 साल बाद दाभोलकर के परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद है। विशेष लोक अभियोजक प्रकाश सूर्यवंशी ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामलों की विशेष अदालत



में पुणे की एक विशेष अदालत शुक्रवार को अपना अंतिम फैसला सुना सकती है। करीब 11 साल बाद दाभोलकर के परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद है।सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र दाभोलकर की हत्या के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एए जाधव शुक्रवार को फैसला सुना सकते हैं।विशेष लोक अभियोजक प्रकाश सूर्यवंशी ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामलों की विशेष अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एए जाधव शुक्रवार को फैसला सुना सकते हैं। दरअसल, 68 साल के दाभोलकर 20 अगस्त 2013 की सुबह सैर पर गए थे। वह पुणे के ओंकारेश्वर पुल पर सुबह की सैर पर निकले थे। तभी मोटरसाइकिल सवार दो लोग आकर रुके और उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। माना जाता है कि दोनों बदमाशों ने पिस्तौल निकाली और उनके सिर पर एक और तीन करीब से गोली मारी। इससे दाभोलकर की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुल पर मौजूद नगर निगम के दो सफाईकमियों ने गोलीबारी के बाद दो लोगों को मोटरसाइकिल से भागते हुए देखा था। जांचकर्ताओं का कहना है कि हमलावरों ने मोटरसाइकिल एक तीसरे व्यक्ति को सौंप दी थी, जहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था। इसके बाद इन लोगों ने एक बस पकड़ी और औरंगाबाद भाग गए।

## क्यों ज्यादा समय ले रही हैं अमेरिका यूरोप की उड़ानें, युद्ध बने परेशानी यहां हैं आपके सभी सवालों के जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अगर आप अमेरिका या यूरोप जा रहे हैं तो आपकी यात्रा कुछ लंबी हो सकती है। हालांकि एयरलाइंस ने हवाई किराए में वृद्धि नहीं की है क्योंकि किराया पहले से ही काफी अधिक है। आइये



जानते हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है और क्या हालात बेहतर होने की उम्मीद है अगर आप अमेरिका या यूरोप जा रहे हैं तो आपकी यात्रा कुछ लंबी हो सकती है। बदल गया है रूट ईरान इजरायल संघर्ष के बाद मध्य अप्रैल से ज्यादातर गैर अमेरिकी एयरलाइंस ईरान का एयरस्पेस इस्तेमाल करने से बच रही हैं। अमेरिका की एयरलाइंस भी लंबे समय से ईरान के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। अफगानिस्तान नो फ्लाइंग जोन है। बदल गया है रूट ईरान इजरायल संघर्ष के बाद मध्य अप्रैल से ज्यादातर गैर अमेरिकी एयरलाइंस ईरान का एयरस्पेस इस्तेमाल करने से बच रही हैं। अमेरिका की एयरलाइंस भी लंबे समय से ईरान के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। पहले से चल रही बाधाएं अगस्त 2021 के बाद से अफगानिस्तान नो फ्लाइंग जोन है। यूक्रेन में लड़ाई शुरू होने के बाद से ही पश्चिमी देशों की एयरलाइंस रूस का एयरस्पेस इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। कुछ एयरलाइंस के पायलट भी कभी-कभी इराक के एयरस्पेस से बचते हैं। यात्रा में लग रहा ज्यादा समय ईरान के एयरस्पेस से बचने की वजह से पश्चिमी देशों और भारत के बीच उड़ानों का समय करीब एक घंटे बढ़ गया है। पश्चिमी देशों की एयरलाइंस के लिए यात्रा का समय और बढ़ गया है क्योंकि वे रूस के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। ऐसे में रूस के एयरस्पेस से होकर जाने वाली एयर इंडिया की दिल्ली-न्यूयार्क नॉनस्टॉप फ्लाइट 14-15 घंटे का समय लेती है। वहीं अमेरिका की एयरलाइंस यूनाईटेड की दिल्ली- न्यूयार्क फ्लाइट 16-18 घंटे का समय लेती है क्योंकि ये रूस के एयरस्पेस से होकर नहीं जाती है।

## भाजपा कर्नाटक आईटी सेल के संयोजक आपत्तिजनक पोस्ट पर किए गए तलब, जेपी नड्डा के खिलाफ भी समन जारी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** भाजपा कर्नाटक इंटरनेट मीडिया सेल के संयोजक प्रशांत मकनूर को गुरुवार को पुलिस ने आपत्तिजनक पोस्ट मामले में तलब किया। हालांकि अग्रिम जमानत मिलने के कारण उन्हें छोड़ दिया गया। इस मामले में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी आइटी सेल के राष्ट्रीय प्रमुख अमित मालवीय को समन जारी किए जा चुके हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रशांत मकनूर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रशांत मकनूर को राज्य भाजपा के आधिकारिक अकाउंट द्वारा इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर गत चार मई को अपलोड किए गए वीडियो का उल्लेख किया है। इस वीडियो में राहुल गांधी और सिद्दरमैया को एनिमेटेड किरदार के रूप में चित्रित



जेपी नड्डा और पार्टी आइटी सेल के राष्ट्रीय प्रमुख अमित मालवीय को समन जारी किए जा चुके हैं। भाजपा कर्नाटक इंटरनेट मीडिया सेल के संयोजक प्रशांत मकनूर को गुरुवार को पुलिस ने आपत्तिजनक पोस्ट मामले में तलब किया। हालांकि अग्रिम जमानत मिलने के कारण उन्हें छोड़ दिया पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। इस मामले में गत पांच मई को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की शिकायत पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत में केपीसीसी ने कर्नाटक किया गया है। वीडियो में दोनों नेता एक घोसले में मुसलमान लिखा एक अंडा रखते हैं जिसमें पहले से एससी, एसटी और ओबीसी नाम के तीन अंडे रखे थे। फिर मुसलमान अंडे से निकले चूजे को फंड का चारा खिलाया गया और वह संख्या बल में बढ़ता गया और पहले से मौजूद तीन अंडों की जगह ले ली।

## राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत यात्रा को लेकर हुई चर्चा , विदेश मंत्री मूसा बोले- चीन के साथ कोई सैन्य समझौता नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की बहुत जल्द भारत यात्रा के संबंध में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ चर्चा हुई। मालदीव के विदेश मंत्री ने शीर्ष पद के लिए चुने जाने के बाद भारत की बजाय चीन की यात्रा करने के राष्ट्रपति मुइज्जू के कदम का भी बचाव किया और कहा कि भारत यात्रा को लेकर नई दिल्ली के साथ चर्चा हुई थी लेकिन दोनों पक्षों की सुविधा को देखते हुए इसे टाल दिया गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि चीन के साथ कोई सैन्य समझौता नहीं है। मालदीव के विदेश मंत्री ने शीर्ष पद के लिए चुने जाने



के बाद भारत की बजाय चीन की यात्रा करने के राष्ट्रपति मुइज्जू के कदम का भी बचाव किया और कहा कि भारत यात्रा को लेकर नई दिल्ली के साथ चर्चा हुई थी लेकिन दोनों पक्षों की सुविधा को देखते हुए इसे टाल दिया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने तुर्की के साथ-साथ चीन का भी दौरा किया। मुझे लगता है कि यह मुख्य रूप से सुविधा पर है क्योंकि जाहिर है, हमने यात्रा के बारे में दिल्ली के साथ चर्चा की थी। लेकिन दोनों पक्षों की सुविधा के लिए, हमने सोचा कि इसमें थोड़ा विलंब करना ठीक रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि चीन के साथ कोई सैन्य समझौता नहीं है। मालदीव के राष्ट्रपति ने एक बात स्पष्ट रूप से कही है कि हम मालदीव में कोई विदेशी सेना नहीं ला रहे हैं। मालदीव के विदेश मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने मालदीव के जल क्षेत्र में अनुसंधान उद्देश्यों के लिए चीनी जहाज को अनुमति नहीं दी है।

## प्रज्वल के खिलाफ कोई भी पीडिता नहीं पहुंची शिकायत दर्ज कराने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवनन के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लूयू) में शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई निष्कर्ष सामने आए हैं। इसने कहा कि मामले की गहन जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) समिति का गठन किया गया है। वहीं जदएस ने राज्यपाल थावरचंद



भी पीड.िता आगे नहीं आई। एक महिला शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे जदएस नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था महिला आयोग ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने से कई महत्वपूर्ण गहलोत को ज्ञापन सौंपकर प्रज्वल रेवनन के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की सीबीआइ जांच की सिफारिश करने की मांग की। महिला आयोग ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने से कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए हैं।

## मोदी ने 10 साल में अदाणी को दीं कई परियोजनाएं'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान



बंदरगाहों, हवाई अड्डों और रक्षा अनुबंधों जैसी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं अदाणी को दे दी गईं। राहुल गांधी ने तेलंगाना में एक चुनावी रैली में यह बात कही। इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि चुनाव की घोषणा के बाद राहुल गांधी अपने भाषणों में अब अदाणी-अंबानी का नाम क्यों नहीं ले रहे। मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश में सिर्फ 20-22 लोगों के लिए काम किया है और उन्हें अरबपति बना दिया है। गांधी ने मोदी पर आरक्षण खत्म करने के लिए कई सरकारी कंपनियों का निजीकरण करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है जबकि कांग्रेस इसे 50 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाना चाहती है। मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश में सिर्फ 20-22 लोगों के लिए काम किया है और उन्हें अरबपति बना दिया है। गांधी ने मोदी पर आरक्षण खत्म करने के लिए कई सरकारी कंपनियों का निजीकरण करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है, जबकि कांग्रेस इसे 50 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो पूरे देश में जाति जनगणना कराई जाएगी।

## भारत के 12 प्रतिशत पात्र बच्चों को खसरे के टीके की कोई डोज नहीं लगी, पूवीत्तर से आए सबसे चौंकाने वाले आंकड़े

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत में खसरे के टीकाकरण के लिए पात्र लगभग 12 प्रतिशत बच्चों को अनुशंसित दो डोज में से कोई भी प्राप्त नहीं हुआ। यह टीकाकरण कवरेज में संबंधित गैप का संकेत है। एक नए अध्ययन में पता चला है कि पूवीत्तर राज्यों में शून्य डोज के मामले सर्वाधिक थे, जिसमें नागालैंड की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत थी। वहीं, तमिलनाडु में यह सबसे कम 4.6 प्रतिशत देखा गया। भारत में खसरे के टीकाकरण के लिए पात्र लगभग 12 प्रतिशत बच्चों को अनुशंसित दो डोज में से कोई भी प्राप्त नहीं हुआ। यह टीकाकरण कवरेज में



संबंधित गैप का संकेत है। एक नए अध्ययन में पता चला है कि पूवीत्तर राज्यों में शून्य डोज के मामले सर्वाधिक थे जिसमें नागालैंड की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत थी। वहीं तमिलनाडु में यह सबसे कम 4.6 प्रतिशत देखा गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने खसरे के टीकाकरण के नजरअंदाज किए गए महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की। इसमें शून्य डोज, आंशिक रूप से टीकाकरण और पूरी तरह से टीकाकरण वाले लोगों को लेकर अध्ययन किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 2019-21 के माध्यम से एकत्र 2-3 वर्ष की आयु के 43,000 से अधिक बच्चों के डाटा का विश्लेषण किया। टीम ने पाया कि लगभग 30 प्रतिशत पात्र बच्चों को खसरे का केवल एक टीका लगा था।



# मुझे भितरघात का कोई खतरा नहीं, मोदी की गारंटी दिलाएगी चुनाव में जीत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** अपने प्रत्याशी से मिलिए कार्यक्रम के तहत पहले दिन फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने प्रशन्-प्रहर में सवालों का जवाब दिया और अपनी विकसित भारत संकल्प के तहत जनता का पुरजोर आशीर्वाद मिल रहा है। सरकार के कार्यों का लाभ आम जनता और समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को मिल रहा है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो की जनता ने तीन बार विधायक बनाकर विश्वास जताया है। अब लोकसभा में भेजकर विकास कार्य को और गति देगी ऐसी उम्मीद है। अपनी उपलब्धियों के बारे में कहा कि अंदावां से नैनी को जोड़ने के



प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने जनता के सवालों का भी पूरी बेबाकी के साथ जवाब दिया। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाने जा रही है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा अपने कार्य के दम पर चुनाव जीतने जा रही है। पार्टी को भितरघात का कोई खतरा नहीं है। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकजुट होकर चुनाव में मेहनत कर रहे हैं। विपक्ष के पास मोदी मैजिक का कोई तोड़ नहीं है। मोदी की गारंटी चुनाव में भाजपा को जीत दिलाएगी। प्रवीण पटेल शुक्रवार को अमर उजाला प्रत्याशी से मिलिए कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रवीण सिंह पटेल ने कहा कि 2014 और 2019 से तेज मोदी लहर 2024 में चल रही है। मोदी सरकार के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। यही कारण है कि मुझे फूलपुर विधानसभा के बाद फूलपुर लोकसभा का टिकट देकर पार्टी ने जो अपेक्षा की है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। तीन बार विधायक रहने के दौरान जनता के हित के लिए कराए गए कार्यों के दम पर लोकसभा में पहुंचकर जनता की आवाज उठाने का कार्य करूंगा।आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तन मन धन से जुटे हैं। भाजपा के शासन काल में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है। सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, शौचालय से लेकर हाईवे और फोरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रयागराज नया प्रयागराज बन रहा है। जो कार्य पिछले पचास वर्षों में नहीं हुए वह पिछले दस वर्षों में हुए हैं। फूलपुर विधानसभा क्षेत्र लिए गंगा पर रिंग रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। प्रथम चरण में चार हजार करोड़ रुपये से कार्य की शुरुआत हो गई है। गंगा में सीवर का पानी जाने से रोकनेन के लिए ट्रीटमेंट प्लांट तैयार कराया गया है। अंदावा से हंडिया के बीच फोरलेन और फाफामऊ से सहसों से बीच फोरलेन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जगतपुर में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है। झूंसी और अंदावा का विकास कराने के लिए इसे नगर निगम प्रयागराज में शामिल कराया गया है। जिससे घर-घर सफाई, पेयजल, बिजली की व्यवस्था हुई है। सहसों को नया विकास खंड बनाया गया है। विद्युत के कई उपकेंद्र बनवाए गए हैं। शास्त्री सेतु के समानांतर एक और पुल बनाने की तैयारी चल रही है जो झूंसी से सलोरी को जोड़ने का कार्य करेगी।

# स्टेयरिंग फेल होने से गड्ढे में गिरी स्कूल बस, 12 बच्चे घायल, मची चीख-पुकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र के अंदावा स्थित एक पब्लिक स्कूल की बस बृहस्पतिवार सुबह फूलपुर, इफको, बाबूगंज, चिरौड़ा आदि गांवों से बच्चों को लेकर जैसे ही बगई खुर्द गांव के सामने पहुंची थी कि अचानक बस की स्टेयरिंग फेल हो गई। इससे तेज रफ्तार बस सड़क किनारे चार फिट गहरे गड्ढे में चली गई। बच्चों से भरी स्कूल बस की स्टेयरिंग फेल हो जाने की वजह से अनियंत्रित हुई बस सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। इस हादसे में दर्जन भर बच्चे घायल हो गए। चीख-पुकार मची तो आसपास के लोग वहां पहुंच गए और घायल बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। झूंसी थाना क्षेत्र के अंदावा स्थित एक पब्लिक स्कूल की बस बृहस्पतिवार सुबह फूलपुर, इफको, बाबूगंज, चिरौडा आदि गांवों से बच्चों को लेकर जैसे ही बगई खुर्द गांव के सामने पहुंची थी कि अचानक बस की स्टेयरिंग फेल हो गई। इससे तेज रफ्तार बस सड़क किनारे चार फिट गहरे गड्ढे में चली गई। अचानक बस में हुए इस हादसे से बैठे बच्चे सहम गए।घटना में बाबूगंज बाजार निवासी दसवीं कक्षा के छात्र अनुज कुमार यादव, आकाश कुमार, आदर्श कुमार, तथा 11वीं कक्षा की छात्रा साक्षी, मनजीत कुमार गुप्ता, नौवी कक्षा की शैलजा यादव, तथा आठवीं कक्षा की सृष्टि यादव को चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंचे अभिभावकों ने उन्हें स्थानीय चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अभिभावक अपने बच्चों को लेकर घर चले गए। वहीं अन्य बच्चों को स्कूल की दूसरी बस द्वारा उनके घरों को पहुंचाया गया।क्षेत्र के अभिभावकों का आरोप है कि महंगी फीस व वाहन शुल्क के नाम पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी धनराशि अभिभावकों से वसूल तो की जाती है, लेकिन विद्यालय प्रबंधन वाहनों की समय-समय पर फिटनेस की जांच नहीं कराते हैं। जिससे आए दिन इस तरह की घटनाएं के आम हो गई हैं। बाबूगंज बाजार निवासी अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबूगंज, फूलपुर, झूंसी क्षेत्र में दर्जनों विद्यालयों में खटारा अप्पे, ई रिक्शा तथा मैजिक वाहनों से बच्चों को मानक के विपरीत बैठाकर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि शासन द्वारा निर्देश है कि समय-समय पर विद्यालयों में संभागीय परिवहन विभाग द्वारा कैंप लगाकर सुरक्षित यातायात व विद्यालय प्रबंधन को ऐसे वाहनों को न चलने के लिए निर्देश देने चाहिए।




# जून में स्वास्थ्य विभाग को मिल जाएंगे 421 चिकित्साधिकारी, साक्षात्कार के लिए तिथि घोषित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बृहस्पतिवार को चिकित्साधिकारी के जिन 262 पदों के लिए साक्षात्कार की तिथि घोषित की है, उनमें चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 (स्तर-2) काडियोलॉजिस्ट के 134 पदों, चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 (स्तर-2) यूरो सर्जन के 19 पदों और चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 (स्तर-2) फोरेंसिक स्पेशलिस्ट के 57 पदों के लिए साक्षात्कार 17 मई को होगा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को जून में 421 नए चिकित्साधिकारी मिल जाएंगे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने इनमें से 262 पदों पर सीधी भर्ती के लिए इंटरव्यू की तिथि घोषित कर दी है। वहीं, 159 पदों पर सीधी भर्ती के लिए संभावित साक्षात्कार की सूचना जारी की है। इन पदों के लिए चयन परिणाम जून में जारी कर दिए जाएंगे।आयोग ने बृहस्पतिवार को चिकित्साधिकारी के जिन 262 पदों के लिए साक्षात्कार की तिथि घोषित की है, उनमें चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 (स्तर-2) काडियोलॉजिस्ट के 134 पदों, चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 (स्तर-2) यूरो सर्जन के 19 पदों और चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 (स्तर-2) फोरेंसिक स्पेशलिस्ट के 57 पदों के लिए साक्षात्कार 17 मई को होगा।वहीं, चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 (स्तर-2) गेस्ट्रो सर्जन के दो पदों और चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 (स्तर-2) प्लास्टिक सर्जन के 50 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार 18 मई को होगा।



# सीमांचल एक्सप्रेस से उतारे गए 93 बच्चे, मानव तस्करी की आशंका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।**सीमांचल एक्सप्रेस में इन बच्चों को बिहार के अररिया स्टेशन से चढ़ाया गया था। इन बच्चों के पास जनरल टिकट मिले। ट्रेन में अलग-अलग छह ग्रुप में यह बच्चे यात्रा कर रहे थे। इन बच्चों की उम्र नौ से 13 वर्ष की जनरल टिकट मिले। ट्रेन में अलग-अलग छह ग्रुप में यह बच्चे यात्रा कर रहे थे। इन बच्चों की उम्र नौ से 13 वर्ष की बताई जा रही है। आशंका है कि इन बच्चों की तस्करी की जा रही थी। फिलहाल आरपीएफ ने बच्चे बाल कल्याण समिति को सौंप दिए हैं जो बच्चों



बताई जा रही है। आशंका है कि इन बच्चों की तस्करी की जा रही थी।बिहार के जोगबनी से आनंद विहार जा रही सीमांचल एक्सप्रेस से बृहस्पतिवार को 93 बच्चे प्रयागराज जंक्शन पर उतारे गए। बताया जा रहा है कि कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि इन बच्चों की तस्करी की जा रही है। अवैध तरीके से देहरादून, जयपुर, दिल्ली आदि शहरों की ओर ले जाया रहा था। इन बच्चों के साथ नौ अन्य लोगों को भी यहां उतारा गया। बाद में बच्चे सीडब्लूयूसी को सौंप दिए गए। सीमांचल एक्सप्रेस में इन बच्चों को बिहार के अररिया स्टेशन से चढ़ाया गया था। इन बच्चों के पास से पूछताछ कर रही है। साथ ही बच्चों की काउंसलिंग भी की जा रही है। रेल सुरक्षा बल प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी विजय प्रकाश पंडित ने बताया कि हम लिखा पढ़ी कर रहे हैं। मामले में पूछताछ भी जारी है। एजेंटों का कहना है कि वह मदरसे में पढ़ाई के लिए बच्चों को ले जा रहा थे। वहीं दूसरी ओर बाल कल्याण समिति अब मामले की तह तक जाने के लिए काउंसलिंग कर रही है। पूछताछ में पता चला है कि बच्चों को जबरन भेजा रहा था। बता दें इसी तरह पिछले वर्ष भी बिहार के सहरसा, पूणिन्या आदि जिलों के बच्चों को यहां उतारा गया था।

# एफआईआर के लिए कोर्ट को नहीं, एसपी या मजिस्ट्रेट को दें प्रार्थना पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** मथुरा में फर्जी मुठभेड़ के मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति ने कहा कि पुलिस पर एफआईआर के लिए पुलिस अधीक्षक या मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र देना चाहिए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि पुलिस मुठभेड़ में हत्या के आरोप मामले में आरोपी पुलिस पर एफआईआर के लिए अदालत का दरवाजा न खटखटाकर पहले एसपी या मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दें। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह प्रथम की पीठ ने मथुरा की मुननी की ओर से पुलिस मुठभेड़ में बेटे की मौत को फर्जी बताते हुए दोषी पुलिस अफसरों पर एफआईआर दायर करने के मामले में अदालत से गुहार पर कहा।

आधुनिक
गेस्ट हाउस
- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)





CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

# अजय राय ने बड़ा गणेश का दर्शन कर शुरू की नामांकन यात्रा, काल भैरव व विश्वनाथ धाम भी पहुंचे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**काशी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय ने कहा, अपने काशीवालों का आशीर्वाद लेते हुए नामांकन करने जा रहा हूं। मैं काशी का बेटा हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि काशी वालों का आशीर्वाद मुझे जरूर प्राप्त होगा।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय शुक्रवार को नामांकन के लिए निकले। वह सुबह 6:30 बजे पैदल लोहटिया पर बड़ा गणेश के दर्शन और पूजन करने के लिए निकले। यहां से फिर बाबा काल भैरव के दर्शन किया और इसके बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन कर सुबह 9 बजे बेनिया बाग में राजनारायण पार्क पहुंचे। यहां राजनारायण की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर साइकिल से नामांकन के लिए रवाना हुए। सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक अमला जगह-जगह तैनात रहा। राजनारायण पार्क से लहुराबीर पार्क पहुंचेंगे, यहां चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करेंगे और फिर मलदहिया पर सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर समर्थकों के साथ नदेसर के लिए रवाना होंगे। यहां मिंट हाउस में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यापर्ण करेंगे। इसके बाद कचहरी पहुंचेंगे। यहां महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।इसके बाद प्रस्तावक कैंट से सपा प्रत्याशी रही पूजा यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल और आम आदमी पार्टी के नेता मुकेश सिंह व कम्युनिस्ट नेता भी शामिल रहे। वाराणसी में अजय राय के नामांकन के दौरान जगह-जगह समर्थकों का भी जुटान रहा। शुक्रवार की सुबह से ही सपा-कांग्रेस से जुड़े अन्य संगठन के लोग बड़ा गणेश मंदिर से लेकर जिला मुख्यालय तक टुकड़ियां बनाकर खड़े रहे। मुख्यालय पर ढोल-नगाड़े बज रहे थे।



# सपा प्रत्याशी ने रमेश बिंद पर लगाया टिकट कटवाने का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**काशी।** उन्होंने जनता से पूछा कि ये चुनाव उनको लड़ना चाहिए या रमेश चंद बिंद को लड़ना चाहिएमिर्जापुर में समाजवादी पार्टी के विधायक प्रत्याशी राजेंद्र एस. बिंद ने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया है। जनता से पूछा है कि उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं? उन्होंने वीडियो जारी करते हुए बताया कि लखनऊ में समाजवादी पार्टी कार्यालय में उनकी मुलाकात रमेश बिंद से हुई है। रमेश बिंद ने सपा के राष्ट्रीय अध्ययन अखिलेश यादव से कहा कि राजेन्द्र एस. बिंद का टिकट काटकर उनको टिकट दिया जाय, क्योंकि वो सांसद व विधायक रहे हैं। प्रतिनिधित्व करने का अधिकार उनका है। प्रत्याशी ने कहा कि वह विधायक, सांसद नहीं बने तो राजनीति में नहीं आना चाहिए। जनता का सेवा करने का अधिकार नहीं है। ये किस तरह की राजनीति है। जनता से पूछा कि ये चुनाव उनको लड़ना चाहिए या रमेश चंद बिंद को लड़ना चाहिए



# दरोगा के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई को आदेश, नाबालिग लड़कियों को पीटकर लिखा था झूठा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** नाबालिग लड़कियों ने बताया कि थाने पर दरोगा साहब ने झूठा बयान लिखवाया और मेरे अवगत कराने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक को इस बात का ध्यान रखने का निर्देश दिया है कि अवयस्क पीडि.ता संख्या एक का जमानत अर्जी स्वीकार कर लिया।विशेष न्यायाधीश ने अपने आदेश में लिखा कि पीडि.ता संख्या एक ने अपने बयान अंतर्गत धारा




साथ मारपीट भी किया। एडीजे ने अपने आदेश लिखा कि दरोगा द्धारा मारपीट करना अवैध व अनैतिक कृत्य है। जिससे लोगों का पुलिस के प्रति भय व अविश्वास पैदा होता है। ऐसे दरोगा को दंडित किया जाना आवश्यक है।मऊ में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राजवीर सिंह ने नाबालिग लड़की को भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। साथ ही पीडि.ता के बयान 164 सीआरपीसी को गंभीरता से लेते हुए मामले के विवेचक एसआई आनंद सिंह चौहान के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक और डीआईजी आजमगढ़ को आदेश की प्रति भेजा है। कार्रवाई से न्यायालय को उत्पीड़न पुलिस न करें। मामला दक्षिण टोला थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा की तहरीर पर उसकी दो नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर भागने तथा उनके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर दोनों पीडि.तों को बरामद किया। मामले में आरोपी दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के सिंहालपुरा अछार गांव निवासी आकाश कुमार पुत्र सूबेदार राम की ओर से जमानत के लिए अर्जी दी गई। अर्जी पर बचाव पर और विशेष लोक अभियोजक विमल कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार मिश्रा और रामचंद्र चौहान के तर्कों को सुनने तथा केस डायरी का अवलोकन करने के बाद विशेष न्यायाधीश ने आरोपी की 164 सीआरपीसी में कथन किया है कि पापा, मेरे और मेरी बहन के साथ मारपीट करते थे। हमें बेचने के लिए कहते थे। इसी बात से परेशान होकर मैं और मेरी बहन 25 अक्टूबर 2023 को घर से बिना बताए सूरत चले गए। वहां एक कंपनी में काम करते थे तथा कमरा लेकर रहते थे। 22 अप्रैल 2024 को पुलिस हम दोनों को वापस लेकर आई। एडीजे ने आदेश की प्रति एसपी और डीआईजी आजमगढ़ को भेजा कि पीडि.ता को पीटने वाले दरोगा आनंद सिंह चौहान के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। कृत कार्यवाही से न्यायालय को अवगत कराने का निर्देश दिया। तथा एसपी को इस बात का ध्यान रखने का निर्देश दिया कि पुलिस पीडिता संख्या एक का उत्पीड़न न करें।

# धार्मिक नगरी काशी की गंगा में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी, दान-पुण्य का चला दौर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** घाट पर भक्तों के सनन-दान के दौरान प्रशासनिक अमला भी दुरुस्त दिखा। इधर बीच गंगा में लोगों के डूबने के हादसों को लेकर निगहबानी की जा रही थी। घाटों पर अनाउंस किया जा रहा था कि पानी में ज्यादा दूर तक न जाएं। सुरक्षा को देखते हुए सनन करें। धर्म और आस्था की नगरी काशी में शुक्रवार को पूरे आस्था के साथ अक्षय तृतीय का पूजन-अर्चन चल रहा है। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने गंगा सनन किया। काशी के विभिनन घाटों पर सनन-दान का दौर चल रहा है। शुभ मुहूर्त से ही श्रद्धालु गंगा में सनन करते दिखे। धार्मिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर सनन-दान से हर पाप की मुक्ति हो जाती है। दोष खत्म हो जाते हैं। हिन्दू पुराणों में इसे दिव्य सनन की भी मान्यता दी गई है। पुरोहितों के अनुसार, अगर भक्त गंगा सनन नहीं करने नहीं जा पा रहा है तो गंगाजल की कुछ बूंदे पानी में डालकर भी नहा सकता है। ऐसा करने से भी तीर्थ का लाभ मिलता है।



# गंगा घाट की गलियों में भक्तों को दर्शन देंगी मणिकर्णिका मां, श्रृंगार के बाद रात भर होगी पूजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** रात भर भजन कीर्तन के बाद 11 मई को मध्याह्न में चक्र पुष्करणी कुंड में सनन होगा। प्रधान तीर्थ पुरोहित जयेंद्र नाथ दुबे बब्बू महाराज ने बताया कि इस तिथि पर चक्रपुष्करणी कुंड में सनन करने मात्र से ही व्यक्ति को चारों धाम का फल प्राप्त होता है।अक्षय तृतीया पर मां मणिकर्णिका गंगा घाट की गलियों में भक्तों को दर्शन देने निकलेंगी। शुक्रवार को मां की प्राचीन प्रतिमा को महंत आवास से चक्रपुष्करिणी कुंड तक पालकी पर लाया जाएगा। रात भर चक्रपुष्करणी कुंड पर विराजमान मां के दर्शन के लिए भक्त उमड़ेंगे। कुंड का जल भी मां के पूजन से ऊर्जित होगा। काशी के प्राचीन तीर्थ चक्रपुष्करणी पर अक्षय तृतीया पर रात में मां मणिकर्णिका का वार्षिक श्रृंगार किया जाएगा। मणिकर्णिका मां की सवारी ब्रह्मनाल स्थित तीर्थ पुरोहित जयेंद्रनाथ दुबे बब्बू महाराज के आवास से निकलेगी। रात में मणिकर्णिका माई की अष्टधातु वाली ढाई फीट ऊंची प्रतिमा तीर्थ कुंड में स्थित 10 फीट ऊंचे पीतल के आसन पर स्थापित की जाएगी। इसके बाद देवी की फूलों और नए वस्त्रों से झांकी सजाई जाएगी। मान्यता है कि मणिकर्णी माई की अष्टधातु की प्रतिमा मणिकर्णिका कुंड से निकली थी। यह प्रतिमा वर्षभर ब्रह्मनाल स्थित मंदिर में विराजमान रहती है। सिर्फ अक्षय तृतीया को पालकी पर सवार होकर दर्शन-पूजन के लिए कुंड पर स्थापित की जाती है। देवी की प्रतिमा को कुंड में सनन कराया जाता है। इसके बाद सवारी निकलकती है। मान्यता है कि मणिकर्णिका माई के सनन के बाद तीर्थ कुंड का जल अगले एक वर्ष के लिए सिद्ध हो जाता है और इसी जल में सनन करने से श्रद्धालुओं के पाप और कष्ट दूर होते हैं।



# ई-रिक्शा से पत्नी के साथ नामांकन को पहुंचे कुबेर, 41 वर्षों से आजमा रहे किस्मत की चाबी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**गाजीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र के जयरामपुर निवासी कुबेर राम (65) अनोखे तरीके से नामांकन करने पहुंचे। वह ई-रिक्शा पर अपनी पतनी को आगे की सीट पर बगल में बैठा लिए। इसके बाद खुद ई-रिक्शा चलाते हुए नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे तो हर कोई उनकी तरफ देखने लगा। पूछने पर बताए कि वो 41 वर्षों से रिक्शा चलाते हैं और उन पर डेढ़ लाख रुपये कर्ज भी है। लेकिन वो पांचवीं बार चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किए हैं। कुबेर राम बताते हैं कि वह भले ही गरीब हैं, लेकिन साक्षर हैं। जीतकर कुछ कर दिखाना चाहते हैं। इसके लिए वो पांचवीं बार नामांकन करने के लिए पर्चा खरीदे है। जनता राज पार्टी से एक सेट में नामांकन किया। इसके पहले वो 2009 में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन किए थे। लेकिन, उनका पर्चा खारिज हो गया था। इसके बाद 2014 में लोकसभा चुनाव लड़े, लेकिन जमानत जब्त हो गई। वहीं, 2012 में जंगीपुर विधानसभा और 2017 में जखनिया विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़े थे।





# उत्सव ट्रस्ट के मार्गदर्शन में गौरैया संरक्षण अभियान का हुआ शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्सव ट्रस्ट के गौरैया संरक्षण अभियान से प्रभावित होकर हेतु दाना-पानी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर उपमहानिरीक्षक कौशिक गांगुली ने गौरैया संरक्षण टीम द्वारा गौरैया के लिए कार्डबोर्ड से कई कृत्रिम घोसलों का निर्माण कर लगाया गया। कार्यक्रम में




उत्सव ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं गौरैया संरक्षण अभियान के निदेशक आशीष पाठक के मार्गदर्शन में कमांडेंट एच0एस0 शर्मा, सी0आई0एस0एफ0 यूनिट ओबरा ने यूनिट कैंपस में गौरैया संरक्षण एवं पुनर्वास अभियान प्रारंभ कराया।कार्यक्रम का शुभारंभ कौशिक गांगुली, उपमहानिरीक्षक सी0आई0एस0एफ0 प्रयागराज द्वारा फीता काट कर किया गया। डिप्टी कमांडेंट ऑफिस प्रांगण में गौरैया के लिए कृत्रिम घोसला. दाना-पानी आदि का इंतजाम कर उन्हें उपयुक्त स्थानों पर लगाया गया जिससे की गौरैया को सुलभता से घोसला हेतु सुरक्षित स्थान एवं भरण-पोषण हेतु उत्सव ट्रस्ट के अभियान की प्रसंसा करते हुए कमांडेंट एच0एस0 शर्मा को गौरैया संरक्षण हेतु जो भी आवश्यक हो कार्य करने का निर्देश देते हुए एक माह के पश्चात रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उत्सव ट्रस्ट के ट्रस्टी आशीष पाठक द्वारा उन्हें उपहार स्वरूप घोसला भेंट किया गया एवं उपस्थित लोगों को गौरैया के महत्व, उसके विलुप्त होने के कारणों एवं संरक्षण के उपाय के बारे में जानकारी दी गई साथ ही कई निर्मित घोसले भी उपलब्ध कराया गया। उत्सव ट्रस्ट के सहयोग से सी0आई0एस0एफ0 यूनिट ओबरा में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत रश्मि जी एवं उनकी सी0आई0एस0एफ0 के अधिकारियों एवं जवानों के साथ उत्सव ट्रस्ट परिवार से स्वामी अरविंद सिंह जी एवं डॉ0 अजय कुमार शर्मा जी उपस्थित रहे। उत्सव ट्रस्ट आप सभी से अपील करता है की प्रचंड गर्मी में गौरैया सहित तमाम पशु-पक्षी, पेड़-पौधों पानी के अभाव में तड़प-तड़प कर मर जाते हैं कृपया उनके लिए अपने सामर्थ्य के अनुसार दाना-पानी उपलब्ध करा कर उन्हें मरने एवं विलुप्त होने से बचाने में सहयोग करें। इस कार्य में सहयोग हेतु उत्सव ट्रस्ट से मो0न0 8423283848 पर संपर्क कर सकते हैं।

# रोजगार का सवाल हल करें सरकारें - आइपीएफ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**म्योरपुर।** सोनभद्र 9 मई 2024, लोकसभा चुनाव में रोजगार का अधिकार एक प्रमुख मुद्दा होगा और इसे आने वाली सरकारों को हल करना होगा। दुद्धी में बड़े पैमाने हो रहे पलायन पर रोक लगाई जा



सकती है और रोजगार के सवाल को हल किया जा सकता है बशर्ते सरकार की नीति और नियत इसे करने की हो। दुध्दी प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर इलाका है और प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यदि यहां की पिछड़ी खेती का सहकारीकरण किया जाए, कनहर बांध को पूरा करके सिंचाई की व्यवस्था की जाए, गांव में बहने वाले बरसाती नालों को बांध दिया जाए और वाटर शेड प्रोग्राम के जरिए जल का संचयन हो तो खेती किसानी उनन्त होगी और भारी मात्रा में सब्जी का उत्पादन होगा जिससे लोगों की आजीविका की व्यवस्था होगी। यहां के उद्योगों से निकलने वाली फ्लाई ऐश आधारित ईट बनाने के उद्योग और जैविक अरहर उत्पादन करने वाले इस क्षेत्र में दाल मिल लगाने से लोगों को रोजगार मिलेगा। कनहर, पांगन, ठेमा जैसी नदियों में खनन माफिया की जगह ग्रामीणों की कोऑपरेटिव बनाकर खनन कराया जाए तो लाखों लोगों को रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही पर्यावरण की रक्षा होगी, सरकार की राजस्व में वृद्धि होगी और आम आदमी को सस्ती बालू उपलब्ध हो सकेगी। नौजवानों को सस्ते दर पर उद्योग लगाने के लिए ऋण दिया जाए और महिला स्वयं सहायता समूह को कुटीर व लघु उद्योग के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाए तो दुद्धी से पलायन रोका जा सकता है। वन विभाग की खाली पड़ी जमीनों पर ग्रामीणों की सहकारी समितियों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए देने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। मनरेगा में 200 दिन काम और 600 रूपए मजदूरी लोगों को भुखमरी की हालत से बचाएंगे। यह बातें आज ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने म्योरपुर ब्लॉक के विभिनन्न गांवों में किए जनसंपर्क व संवाद में कहीं। आइपीएफ टीम ने रनटोला, आश्रम मोड़, खैराही, किरवानी, रासपहरी, नवा टोला, बलियारी, काचन, करहिया, किरबिल, देवरी, डडियरा, कुण्डाडीह आदि गांवों में जनसंपर्क किया। युवा मंच प्रदेश संयोजक राजेश सचान ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के सवाल को उठाते हुए कहा कि देश में यदि कॉर्पोरेट घरानों के ऊपर संपत्ति कर और उत्तराधिकार कर लगा दिया जाए तो देश के हर नागरिक के रोजगार के अधिकार की गारंटी की जा सकती है। मोदी सरकार का हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा 10 सालों में जुमला ही बनकर रह गया। हालत इतनी बुरी है कि सरकारी नौकरियों में पदों को बड़ी संख्या में घटा दिया गया और जो शेष पद है उन पर भी भर्ती नहीं की जा रही है। पढ़ लिखकर नौजवान नौकरी के अभाव में अवसाद में अपनी जिंदगी जी रहे और आत्महत्या कर रहे हैं। इसलिए चुनाव में नौजवानों का मूड पूरे देश में भाजपा को हराने का है साथ ही नौजवान विपक्षी दलों से भी यह चाहते हैं कि रोजगार के सवाल पर वह अपनी स्थिति को स्पष्ट करें। संवाद में आइपीएफ जिला संयोजक कृपा शंकर पनिका, मजदूर किसान मंच के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गोंड, पूर्व प्रधान राजेंद्र ओयमा, पूर्व प्रधान बलवीर सिंह गोंड, साबिर हुसैन, मनोहर गोंड, युवा मंच जिलाध्यक्ष रूबी सिंह गोंड, युवा मंच म्योरपुर संयोजक सविता गोंड, मजदूर किसान मंच तहसील संयोजक राम चन्द्र पटेल, लाल बाबू भारती, सुगवंती गोंड, अंतलाल खरवार, राजकुमार खरवार, इंद्रदेव खरवार, मंगरु प्रसाद श्याम, महावीर गोंड, राम लखन गोंड आदि लोग रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** दीवानी न्यायालय परिसर व अन्य विभागों में 13 जुलाई, 2024 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा मीरजापुर- नवागत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण /



अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने बताया कि दिनांक 13 जुलाई, 2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर में मुख्य न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर की अध्यक्षता में किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि दिनांक- 13 जुलाई 2024 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, परिवार न्यायालय, मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण न्यायालय, बाह्य न्यायालय चुनार, बाह्य न्यायालय मडि़हान एवं सभी चारो तहसीलों के प्रागंण में आयोजित किया जायेगा। उन्होने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समस्त न्यायिक अधिकारीगण, राजस्व विभागों के समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण (नोडल) एवं बैंको के वरिष्ठ अधिकारीगणों की बैठके आहूत करने और राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिये और प्रशासन के समस्त विभागो के अधिकारीगण / नोडल अधिकारीगण से अपेक्षा करते है कि विभागों में लम्बित मुकदमों के अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन मामलों / प्रकरणों को तथा बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे। यह भी बताया कि विशेष तौर पर इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आर्बीट्रेशन के लम्बित मुकदमों / मामलें, पारिवारिक / वैवाहिक मुकदमों, सिविल/बटवारा के मुकदमों व चेक बाउन्स के मुकदमों व लघु आपराधिक मुकदमों एवं ई-चालानी मुकदमों को सुलह-समझौते के आधार पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराने एवं वादकारियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास है। नवागत सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश डीएलएसए विनय आर्या ने जनपद के समस्त अधिवक्तागण एवं वादकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि दिनांक 13 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमो, ई-चालानो का निस्तारण करावें। साथ ही यह भी बताया कि ऐसे विवाद /मामलें/पति-पतनी के विवाद जो अभी तक न्यायालय में दाखिल नहीं हुये है जैसेः- बैंक ऋण वसूली (एन.पी.ए. खाता), अन्य विभागों के प्रकरण एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन स्तर के सभी मामलों को निस्तारित कराये जाने का प्रयास किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के कार्यालय में स्थापित फन्ट आफिस पर किसी भी कार्य दिवस में पक्षकार स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# अक्षय तृतीया पर जिले में करोड़ों के आयात निर्यात की उमीद :मिठाई लाल सोनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को अक्षय तृतीया का व्रत मनाया जाएगा. इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान



विष्णु की पूजा करने के लिए लोग अभी से ही बाजार में खरीदारी करना शुरू कर दिए हैं. बाजारों में अक्षय तृतीया के सामान उपलब्ध हैं. अक्षय तृतीया पर बहुमूल्य धातुओं में सोना खरीदने का महत्व अधिक है. सदियों से लोग अक्षय तृतीया पर सोना खरीदते आ रहे हैं. हालांकि, इस दिन सोना के अलावा, चांदी, हीरा, पीतल-तांबा और कांसा के बर्तन, कपड़ा, खाद्यानन्न, दालें, पीली सरसो, मिट्टी का घड़ा आदि भी खरीद सकते हैं. लेकिन, सोने की खरीद करना सबसे शुभ माना जाता है. इसका कारण यह है कि सोना माता लक्ष्मी का ही स्वरूप है. अगर आप अक्षय तृतीया पर सोना खरीदने जा रहे है, तो उसकी खरीद करने के शुभ मुहूर्त के बारे में जान लेना जरूरी है. विशेषज्ञ कहते हैं कि शुभ मुहूर्त पर सोना खरीदने से घर में धन-वैभव की बढ़ोतरी होती है और माता लक्ष्मी प्रसनन्न होती हैं। आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज ने बताया कि अक्षय तृतीया शाश्वत समृद्धि, अक्षय निधि और सुख-शांति का प्रतीक है. ऐसा माना जाता है कि इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य स्थायी सफलता और भाग्य सुनिश्चित करता है. 'अक्षय' शब्द का अर्थ शाश्वत है, जबकि 'तृतीया' शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन को दर्शाता है. यह नए काम की शुरुआत के लिए चिह्नित दिन है. चाहे वह व्यवसाय शुरू करना हो, नई नौकरी शुरू करना हो या धार्मिक अनुष्ठान करना हो, यह तिथि इन सब कामों को शुरू करने के लिए शुभ माना जाता है. मान्यता यह भी है कि अक्षय तृतीया पर चंद्रमा और ग्रहों के स्वामी सूर्य अपने सबसे अधिक प्रकाशमान होते हैं, क्योंकि इस दिन यह किसी भी अन्य दिन की तुलना में अधिक चमकीला होता है. इसलिए इसे नए निवेश, विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, उपनयन संस्कार के लिए शुभ माना जाता है. सबसे बड़ी बात यह है कि अक्षय तृतीया पर कारोबार की शुरुआत करने से उसमें वृद्धि होती है। स्वर्ण व्यवसाय मिठाई लाल सोनी ने बताया कि इस बार मार्केट थोड़ा ठंडा है चुनाव के सीजन व महंगाई की वजह से कुछ बाजार में गिरावट देखने को मिलेगी हालांकि जिले भर में करोड़ों के आयात निर्यात होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# विवेचनाओं का तत्काल करें निस्तारण :सिओ राहुल पांडेय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बुधवार की रात्रि को क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर चुनाव



सम्बन्धित गोष्ठी कर किया गया अर्दली रुम । गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा चुनाव के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में जो अभी तक शस्त्र जमा नहीं कराये गये उन्हे शीघ्र जमा करवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया तथा क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही वर्तमान में चुनाव से सम्बन्धित उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# थाना बीजपुर पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टियों को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे लगभग 45 वर्ष निवासीगण ग्राम जरहां थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1.



अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बीजपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 09.05.2024 को 03 नफर अभियुक्तगण 1.सूरज उर्फ गोलू पुत्र सुरेश उम्र लगभग 28 वर्ष, 2.सूर्यकान्त उर्फ अतुल पुत्र कृष्ण मुरारी शर्मा उम्र लगभग 34 वर्ष, 3.कृष्णानन्द पुत्र लालबहादुर उम्र प्र0नि0 पंकज पाण्डेय थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र। 2. अपराध निरीक्षक अजय विक्रम यादव, थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र। 3. उ0नि0 सुक्खूराम यादव, थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र। 4. हे0का0 विन्ध्याचल कुशवाहा, थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र। 5. का0 मंगल प्रजापति थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह के रोकथाम हेतु होटलो पर की गयी चैकिंग- रामजी यादव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर होने वाले बाल विवाह के



रोकथाम हेतु मानव तस्करी रोधी इकाई से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव मुख्य आरक्षी धनञ्जय यादव, वन स्टाप सेन्टर दिपीका सिंह एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से शेषमणि दुबे ओ आर डब्ल्यू की संयुक्त टीम गठित करते हुए जनपद के विभिनन्न स्थानों के होटलों, लाज, गेस्ट हाउस आदि पर मौकेपर जाकर चैकिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया टीम द्वारा होटलो, लाज, गेस्ट हाउस पर पहुंच कर जाँच किया गया की राजस्थान या अन्य बाहरी व्यक्ति बिवाह के उद्देश्य से तो नही आये है के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की घटनाएं न हों इस उद्देश्य से जाँच की जा रही हैं केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह द्वारा बताया गया कि विभाग सामूहिक एवं निजी विवाह कार्यक्रमों पर नजर है. ऐसी किसी घटना की सूचना मिलते ही विभाग की टीम वहां पहुंचेगी. इसके लिए फोन नंबर जारी किया गया जिससे जिले में कहीं भी बाल विवाह होने पर फोन नं 8318953732 नंबर या चाइल्ड हेल्प लाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर लोग सूचना दे सकते हैं. बाल विवाह रोकने के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है।

# थाना मांची पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस महिला उत्पीड़न सम्बन्धी अपराध/अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने



अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मांची पुलिस द्वारा थाना मांची पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 25/2024 धारा- 363, 366, 376 भादवि व पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अहमद उर्फ रीठा पुत्र स्व0 नसरुद्दीन निवासी ग्राम पनौरा थाना मांची जनपद सोनभद्र को आज दिनांक 09.05.2024 को केवटम तिराहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -** 1. अहमद उर्फ रीठा पुत्र स्व0 नसरुद्दीन निवासी ग्राम पनौरा थाना मांची जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तार करनेवाली टीम** 1. उ0नि0 संजय सिंह चौकी प्रभारी पनौरा थाना मांची जनपद सोनभद्र । 2. का0 दिनेश कुमार गौड़ थाना मांची जनपद सोनभद्र ।

# तीसरे दिन 9 लोगों ने 17 सेट में नामांकन पत्र लिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नामांकन के तीसरे दिन लोकसभा सा0नि0 80-राबर्ट्सगंज स्थापित लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024, के लिए नामांकन कक्ष में 09 लोगों ने 17 नामांकन



के लिए 09 लोगों ने 17 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किये नामांकन के तीसरे दिन विधान सभा उप निर्वाचन दुद्धी के लिए 2 लोगों ने 5 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किये वही जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह की मौजूदगी में कलेक्ट्रट सभागार में पत्र प्राप्त किये, इसी प्रकार से विधान सभा दुद्धी उप निर्वाचन के लिए 2 लोगों ने 5 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किये। इस दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन कक्ष में तैनात कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि नामांकन पत्र लेने के लिए लोगों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। नामांकन के तीसरे दिवस में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राम शिरोमणी 01 सेट में, समाजवादी पार्टी से छोटेलाल खरवार 04 सेट में, निर्दल से मुनिया देवी 02 सेट में, जनता क्रान्ती पार्टी से चन्द्रिका प्रसाद 02 सेट में, बहुजन समाज पार्टी से धनेश्वर 02 सेट में, ए0आई0एम0 पार्टी से संजीव कुमार घुसिया 02 सेट में, समाजवादी पार्टी से परमेश्वर दयाल 02 सेट में, विश्वकल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी से अरविन्द 01 सेट में व मूल निवासी अधिकार पार्टी से पप्पू 01 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। इसी प्रकार से विधानसभा उप निर्वाचन दुद्धी के लिए समाजवादी पार्टी से विजय सिंह 04 सेट में तथा निर्दल के रूप में रमाकान्त 01 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया गया।

# मोबाइल फोन के विवाद में कुएं में कूदकर आइसक्रीम विक्रेता ने दी जान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अदलहाट।** थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव में बृहस्पतिवार को सुबह कुएं में गिरने से एक आइसक्रीम विक्रेता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से उसके शव को बाहर निकाला।अदलहाट थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी किशन भारती (20) पुत्र राजेश कुमार भारती आइसक्रीम बेचने का काम करता था। किशन बृहस्पतिवार की सुबह अपने भाई से मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद से नाराज होकर घर से करीब 150 मीटर दूर गांव के दक्षिण तरफ स्थित कुएं में कूद गया। उसे कुएं में कूदते देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। शोर सुन काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। परिजन ग्रामीणों के साथ उसे कुएं से बाहर निकालने की कोशिश करने लगे, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने उसे बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। किशन चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसकी एक बहन है। जिसकी शादी 24 मई को होनी है। थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में युवक गुस्से में आकर कुएं में कूद गया। इससे उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



# न्यूजीलैंड के धाकड़ बैटर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास, टी20 वर्ल्ड कप 2024 स्क्वाड में नहीं चुने जाने के बाद पक्का किया मन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के धाकड़ बैटर कॉलिन मुनरो ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई ली। 37 साल के मुनरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका में जन्में कॉलिन मुनरो को न्यूजीलैंड क्रिकेट जगत में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। न्यूजीलैंड के धाकड़ बल?लेबाज कॉलिन मुनरो ने आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। न्यूजीलैंड ने कुछ समय पहले ही टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए स्क्वाड की घोषणा की जिसमें मुनरो को जगह नहीं मिली। कॉलिन मुनरो ने टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में न्यूजीलैंड के लिए कई रिकॉर्ड्स बनाए हैं। कीवी खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल?स के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। कॉलिन मुनरो को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड स्क्वाड में जगह नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने संन्यास लेने का मन पक्का किया। मुनरो ने अपनी भावनाओं को जाहिर करते हुए बताया, ''भले ही मेरे आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच को कुछ समय हो गया हो, लेकिन मैंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी थी कि अपने फ्रेंचाइजी टी20 फॉर्म के आधार पर वापसी




कर पाऊंगा।'' कॉलिन मुनरो का रिकॉर्ड कॉलिन मुनरो ने 2012 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू मैच खेला था। सालों में उन्होंने न्यूजीलैंड का 122 सीमित ओवर मैचों में प्रतिनिधित्व किया और कई रिकॉर्ड्स बनाए। 2013 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कॉलिन मुनरो ने एकमात्र टेस्ट मैच खेला था।कॉलिन मुनरो की उपलब्धियों पर ध्यान दें तो बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ माउंट मॉनगनुई में 47 गेंदों में शतक जमाया था, जो उस समय न्यूजीलैंड के लिए सबसे तेज टी20 शतक था। इसके अलावा कॉलिन मुनरो ने इतिहास के पन्नों पर अपना नाम दर्ज कराया जब वो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में तीन शतक जमाने वाले पहले खिलाड़ी बने। मुनरो ने 2016 में ऑकलैंड के ईडन पार्क में 14 गेंदों में श्रीलंका के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था। यह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए सबसे तेज और दुनिया में चौथा सबसे तेज अर्धशतक रहा। टी20 वर्ल्ड कप में जगह नहीं पाने के बावजूद मुनरो का न्यूजीलैंड क्रिकेट में योगदान सराहनीय है। उन्होंने 2019 वर्ल्ड कप फाइनल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुनरो ने साफ कर दिया है कि वो फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।

# शेफाली वर्मा ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का 30 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड, सिल्हट में 'लेडी सहवाग' ने रच डाला इतिहास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की धाकड़ बैटर शेफाली वर्मा (एिंत्ग् न्नेर्स) ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें टी-20 इंटरनेशनल में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। शेफाली बांग्लादेश के खिलाफ सिल्हट में अपने इंटरनेशनल करियर का 100वां मैच खेलने उतरी थी और इस दौरान उन्होंने मैदान पर कदम रखते ही महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 30 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की धाकड़ बैटर शेफाली वर्मा (एिंत्ग् न्नेर्स) ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें टी-20 इंटरनेशनल में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। शेफाली बांग्लादेश के खिलाफ सिल्हट में अपने इंटरनेशनल करियर का 100वां मैच खेलने उतरी थी और इस दौरान उन्होंने मैदान पर कदम रखते ही महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 30 साल पुराना



रिकॉर्ड तोड़ दिया। दरअसल, शेफाली वर्मा बांग्लादेश के खिलाफ 9 मई को खेले गए पांचवें टी20 मैच में अपने इंटरनेशनल करियर का 100वां मैच खेलने उतरी। शेफाली इस दौरान भारतीय मेंस क्रिकेट और महिला क्रिकेट में सबसे कम उम्र में 100वां इंटरनेशनल मैच खेलने वाली पहली प्लेयर बनीं। 20 साल 102 दिन की उम्र में शेफाली वर्मा ने ये बड़ा मुकाम हासिल किया। सचिन तेंदुलकर ने अपना 100वां इंटरनेशनल मैच 20 साल 329 दिन की उम्र में खेला था। शेफाली ने इस दौरान वेस्टइंडीज की शेमाइन कैंपबेल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 21 साल 18 दिन की उम्र में 100वां इंटरनेशनल मैच खेला था।बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में शेफाली का बल्ला कुछ खास नहीं चला। वह 14 गेंदों में बस 14 रन ही बना पाई थी। वहीं, शेफाली ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में 5 पारियों में 19.60 की औसत से 98 रन बनाए। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश का टी20 सीरीज में सूपड़ा किया साफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पांचवें टी20 मैच में पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 135 रन ही बना सकी। भारतीय महिला टीम की तरफ से राधा यादव ने कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पांचवें टी20 में तीन विकेट झटके। राधा यादव ने प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए श्रीलंका की स्क्वाड का एलान, पूर्व विश्व विजेता प्लेयर को भी मिली जगह


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम ने अपनी 15 सदस्यीय स्क्वाड का एलान कर दिया है। पूर्व विश्व विजेता एंजेलो मैथ्यूज को श्रीलंकाई टीम में जगह मिली। बता दें कि विश्व कप में श्रीलंकाई टीम ने इस खिताब को अपने नाम किया था, लेकिन पिछले साल श्रीलंका का प्रदर्शन काफी खराब देखने को मिला। वानिंदु हसरंगा( कप्तान), चरिथ असलंगा (उप-कप्तान), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम



टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होना है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम ने अपनी 15 सदस्यीय स्क्वाड का एलान कर दिया है। श्रीलंकाई टीम की कप्तानी वानिंदु हसरंगा करते हुए नजर आएंगे जबकि उपकप्तान चरिथ असलंका को बनाया गया। पूर्व विश्व विजेता एंजेलो मैथ्यूज को श्रीलंकाई टीम में जगह मिली। बता दें कि टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होना है। दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप 2024 (ऊ20 वेंदत् णुज् 2024) के लिए श्रीलंका क्रिकेट ने 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। साल 2014 में टी20 निसंका, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समाराविकरमा, एंजेलो मैथ्यूजस दासुन शानाका, धनजय डी सिल्वा, महीश थीक्षणा, दुनिथ वेलाल्गे, दुषमंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, नुवान थुशारा, दिलशान मधुशंका। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए श्रीलंकाई टीम ने वानिंदु हसरंगा को कप्तान बनाया। उनके अलावा एंजेलो मैथ्यूज को भी टीम में जगह दी गई। टीम का अप-कप्तान असलंका को बनाया गया। बता दें कि श्रीलंका की टीम इस बार वर्ल्ड कप में ग्रुप-डी का हिस्सा है, जिसमें वह अपना पहला मुकाबला 3 जून को साउथ अफ्रीका की टीम के खिलाफ खेलने उतरेगी।

# अहमदाबाद में रनों का लगेगा अंबार या कहर बनकर टूटेंगे गेंदबाज, जानिए पिच का मिजाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 59वें मैच में गुजरात टाइटंस (उऊ) की भिड़ंत चेनन्ई सुपर किंग्स (एएख) के साथ है। गुजरात की टीम को अपने आखिरी मैच में आरसीबी से हार झेलनी पड़ी थी। गुजरात की टीम मौजूदा समय में अंक तालिका पर आखिरी पायदान पर मौजूद है। गुजरात टाइटंस का सामना आईपीएल 2024 के 59वें मैच में सीएसके से होना है। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम मौजूदा सीजन में छठे मैच की मेजबानी करेगा। इस मैदान पर खेले गए पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को आरसीबी से 9 विकेट से हार मिली थी। अब गुजरात की टीम का सामना सीएसके से होना है। दूसरी तरफ सीएसके की टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। सीएसके ने अपना आखिरी मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ जीता था। अब दोनों ही टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक-दूसरे से भिड़ेगी। आइए जानते हैं अहमदाबाद की पिच बॉलर्स या बैटर्स किसके हक में होगी?अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के मुफीद मानी जाती है। गेंद बल्ले पर काफी अच्छे से कनेक्ट करती है और बैटर्स को शॉट लगाने काफी आसान रहता है। हालांकि, बाउंड्री बड़ी होने की वजह से इस मैदान पर स्पिनर्स विकेट निकालने में सफल रहते हैं। साथ ही स्पिनर्स को पिच से थोड़ी बहुत मदद भी मिलती है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम ने आईपीएल के कुल 32 मैचों की मेजबानी की है, जिसमें पहले बैटिंग करने वाली 14 टीमों ने जीत हासिल की, जबकि बाद में बैटिंग करने वाली 18 टीम ने जीत दर्ज की। पहली पारी का औसत 171 का रहा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साल 2023 में सबसे उच्चतम



स्कोर गुजरात बनाम मुंबई के मैच में बना था। उस वक्त 233/3 का स्कोर बना। वहीं, मौजूदा सीजन में सबसे कम टोटल 89/10 रहा, जो गुजरात बनाम दिल्ली कैपिटल्स के मैच में बना। इन स्टैट्स से यह पता चला है कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर बैटर्स को खूब फायदा होता है, जबकि पहली पारी का औसत 192 रन रहा। मौजूदा आईपीएल सीजन में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कुल 5 मैच खेले गए, जिसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने एक मैच जीता, जबकि बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने 4 मैच जीते।

# 0 पर मिला जीवनदान, विराट कोहली ने फिर मचाया कोहराम, लेकिन शतक से चूके

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल-2024 में बेहतरीन फॉर्म में हैं और इसका सबूत एक बार फिर उन्होंने धर्मशाला में गुरुवार जीवनदान का कोहली ने पूरा फायदा उठाया और जमकर पंजाब के गेंदबाजों की खबर ली। अगर वह शतक बना लेते तो ये उनका आईपीएल का कुल 9वां शतक और इस सीजन का दूसरा शतक होता। आउट हो गए थे। इस पारी के दौरान कोहली ने पंजाब के खिलाफ अपने 1000 रन भी पूरे कर लिए हैं। कोहली ने रजत पाटीदार के साथ मिलकर 76 रनों की साझेदारी की। वहीं कैमरन



को दिया है। एचपीसीए स्टेडियम में बारिश के कारण थोड़ी देर मैच रुका था लेकिन लेकिन कोहली नाम के तूफान के आगे गेंद रुकी नहीं बल्कि भागती रही। नतीजा ये रहा कि कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दमदार पारी खेली, लेकिन वह शतक बनाने से चूक गए। अगर कोहली शतक पूरा कर लेते तो ये कोहली का इस सीजन का दूसरा और आईपीएल का कुल नौवां शतक होता विराट कोहली की ये पारी तब आई जब पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर उन्हें जीवनदान मिला था. विदवत केवरप्पा की गेंद पर आशुतोष ने उनका कैच छोड़ दिया था. इस कोहली ने 97 रनों की पारी खेली। वह तीन रनों से शतक से चूक गए। कोहली की ये पारी तब आई जब पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर उन्हें जीवनदान मिला था। विदवत केवरप्पा की गेंद पर आशुतोष ने उनका कैच छोड़ दिया था. इस जीवनदान का कोहली ने पूरा फायदा उठाया और जमकर पंजाब के गेंदबाजों की खबर ली। लेकिन फैंस को उनसे शतक की उम्मीद थी जिसे कोहली पूरा नहीं कर सके। ये सिर्फ दूसरी बार है जब कोहली आईपीएल में नाइंटीज का शिकार हुए हैं। इससे पहले साल 2013 में वह दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के खिलाफ 99 रनों पर ग्रीन के साथ भी उन्होंने दमदार खेल दिखाया और 46 गेंदों पर 92 रनों की साझेदारी निभाई।कोहली ने अपनी पारी में 47 गेंदों का सामना किया और सात चौके के साथ-साथ छह छक्के मारे। कोहली के अलावा इस मैच में आरसीबी के लिए रजत पाटीदार ने भी अर्धशतक जमाया। उन्होंने 23 गेंदों पर तीन चौके और छह छक्कों की मदद से 55 रनों की पारी खेली। ग्रीन के बल्ले से भी जमकर रन बरसे। इन सभी की पारियों के दम पर आरसीबी ने 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 241 रन बनाए हैं। ये धर्मशाला में आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर है।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# रोहन बोपन्ना समेत इन हस्तियां को मिला पद्म श्री पुरस्कार, देखिए पूरी लिस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 मई 2024 को भारतीय स्क्वैश प्लेयर जोशना चिननप्पा को एक समारोह में अत्यधिक प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया। जोशना ही नहीं, बल्कि उनके अलावा खेल के क्षेत्र में सात हस्तियों को पद्म श्री प्रदान किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 मई 2024 को भारतीय स्क्वैश प्लेयर जोशना चिननप्पा को एक समारोह में अत्यधिक प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया। जोशना ही नहीं बल्कि उनके अलावा खेल के क्षेत्र में सात हस्तियों को पद्म श्री प्रदान किया। लिस्ट में रोहन बोपनन का नाम भी है। आइए जानते हैं उन खेल हस्तियों के नाम जिन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। चिनप्पा, जो पिछले साल एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रही थीं, उन्हें




भी उस सूची में रखा गया, जिन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया। बताते चले कि पद्म पुरस्कार 2024 से सम्मानित होने वाली खेल हस्तियों की सूची में रोहन बोपनन, उदय विश्वनाथ देशपांडे, हरबिंदर सिंह, सतेंद्र सिंह लोहिया, पूर्णिमा महतो और गौरव खनन का नाम शामिल हैं।रोहन बोपननः दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और 26 एटीपी युगल खिताब के विजेता रहे हैं। जोशना चिनप्पाः दो बार की एशियाई व्यक्तिगत स्क्वैश चैंपियन और दीपिका पल्लीकल के साथ 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उदय विश्वनाथ देशपांडेः एक अनुभवी कोच को राष्ट्रीय खेल 2023 में महाराष्ट्र के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया। गौरव खननः द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और पैरा बैडमिंटन के प्रमुख राष्ट्रीय कोच को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। सतेंद्र सिंह लोहियाः एक अनुभवी पैरा तैराक, जिन्हें भी पद्म श्री से सम्मानित किया गया। पूर्णिमा महतोः पूर्व तीरंदाज और 1998 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता रहे, जो कि अब एक शीर्ष कोच के रूप में अपनी सेवा देते हैं।

# सम्पादकीय

## संरचना में बदलाव समय की मांग; तभी रोजगार सृजन में तेजी के साथ आय और विकास को बढ़ावा मिलेगा

लोकसभा की 543 सीटों में से 100 सीटें शहरी हैं, फिर भी जल संकट राजनीतिक चर्चा या मौजूदा चुनाव प्रचार में कोई मुद्दा नहीं है। नीति आयोग ने 2018 की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि '21 प्रमुख शहरों में भूजल स्तर शून्य के करीब पहुंचने वाला है, जिससे 10 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होंगे।'इंटरनेट के युग में बड़े-बड़े दावे कुछ ही घंटों में खत्म हो जाते हैं। पिछले हफ्ते केरल के उद्योग एवं विधि मंत्री पी. राजीव ने पानी की कमी से जूझ रही बंगलूरू की आईटी कंपनियों को केरल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'केरल में छोटी-बड़ी 44 नदियां हैं और यहां पानी की कोई समस्या नहीं है।' लेकिन यह जुमला ज्यादा देर तक नहीं चल सका, क्योंकि आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर की वास्तविकता जल्द सामने आ गई। मंत्री के दावों के तीन दिनों के भीतर ही 'कोच्चि में बंगलूरू जैसे दिन' की खबरें सुखिर्यां बनीं और तिरुवनंतपुरम के लोगों ने नलों के सूखने की शिकायत की। देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोगों को पानी की कमी और टैंकर माफिया के अत्याचार का सामना न करना पड़ता हो। आप गूगल पर पानी की कटौती वाले शहरों और टैंकर से जलापूर्ति करने वालों का पता लगा सकते हैं। लखनऊ में भूजल स्तर गिरने के कारण 49 इलाकों में पुराने कुओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है। वाराणसी में जल संरक्षण और जल निकायों को संरक्षित करने के लिए घर-घर 'जल तीर्थ' नामक अभियान चलाया जा रहा है। विश्व जल दिवस पर अमर उजाला ने 'गंगा किनारे, प्यासी काशी' शीर्षक से खबर प्रकाशित की, जिसमें गिरते भूजल स्तर के बारे में बताया गया था। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली या पर्यटन केंद्र जयपुर की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है। मुंबई के लोगों ने घोषित और अघोषित जल कटौती को सामान्य मान लिया है। स्टार्ट-अप के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरते पुणे में बीस मंजिल से ज्यादा ऊंचे टावर बन रहे हैं, जबकि मौजूदा कॉलोनियां जल संकट से जूझ रही हैं। थाणे-रायगढ़-पनवेल इलाके में गृह स्वामियों को एक घंटे की जलापूर्ति से काम चलाना होगा और टैंकर का प्रदूषित पानी लेना होगा। ऐसे में, क्या पानी की गारंटी के लिए रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम में संशोधन करने की आवश्यकता है? याद रखिए, ये शहर भारत के विकास की कहानी को ताकत प्रदान कर रहे हैं। राजनीतिक रूप से, 543 लोकसभा सीटों में से 100 सीटें शहरी प्रकृति की हैं, फिर भी जल संकट राजनीतिक चर्चा या मौजूदा चुनाव प्रचार में कोई मुद्दा नहीं है। अपनी पुस्तक एक्सीडेंटल इंडिया में मैंने बताया है कि पानी एक मौन संकट है, जिसे समाधान की प्रतीक्षा है। नीति आयोग ने 2018 की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि '21 प्रमुख शहरों में भूजल स्तर शून्य के करीब पहुंचने वाला है, जिससे 10 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होंगे।' मेरी दूसरी पुस्तक, द गेटेड रिपब्लिक में संकट की सीमा, सार्वजनिक विफलताओं व निजी समाधानों और सरकारी प्रावधान से हटकर भुगतान सेवाओं की ओर स्थानांतरण का वर्णन किया गया है। विडंबना यह है कि अब भुगतान करके सुविधाएं हासिल करने वाला समुदाय भी पीडि़त है।ऐसे संकट के दृश्य सभी शहरों में दिख रहे हैं। अधिकांश शहरों में सुबह-सुबह पानी के टैंकर आवासीय इलाकों में पहुंचते हैं। मुंबई में वी.एस. मार्ग पर टैंकर आपूर्तिकर्ता आरओ-उपचारित या फिल्टर किए गए पानी की पेशकश करते देखे जा सकते हैं। शहरी बस्तियों में बोतलबंद पानी कंपनियों ने इस मौके का लाभ उठाया है। सच यह है कि भारत में शहरीकरण अनियोजित ढंग से हुआ है। भारत का हर शहर ग्रामीण इलाकों में स्थित जलाशयों पर निर्भर है, जो अक्सर 50 से 100 किलोमीटर के बीच होता है। बंगलूरू मृत जलाशय और सौ किलोमीटर दूर कावेरी नदी से पानी प्राप्त करता है। चेनन्ई चोलावरम और वीरनन्म झील से पानी लेता है। दिल्ली भूजल और सोनिया विहार जल उपचार संयंत्र पर निर्भर है, जो गंगा और यमुना का पानी लेता है। मुंबई 150 किलोमीटर दूर ऊपरी वैतरणा सहित सात झीलों पर निर्भर है। खराब उपलब्धता और अव्यवस्थित प्रबंधन के कारण जल संकट बना हुआ है। भारत के पास वैश्विक आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और जल संसाधनों का चार प्रतिशत है। भारत की जनसंख्या चीन जितनी ही बड़ी है, लेकिन विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, मीठे जल की प्रति व्यक्ति उपलब्धता भारत में चीन से आधी है। भारत में सालाना 3,880 अरब घन मीटर वर्षा होती है, लेकिन यह मुश्किल से 1,999 अरब घन मीटर का ही लाभ उठा पाता है। देश में करीब 249 अरब घन मीटर भूजल का दोहन किया जाता है, मगर उसमें से 89 फीसदी का उपयोग खेती में ही होता है। साफ है कि नीति निर्माताओं को उपलब्धता और प्रबंधन की खामियों पर ध्यान देना चाहिए।

## बहनजी के फैसले के पीछे, कुछ तो मजबूरियां रही होंगी

बहुजन समाज पार्टी की केंद्रीय रचना ऐसी है, जिसमें मायावती के निणर्यों के विरुद्ध जाने की गुंजाइश नहीं है। आकाश आनंद को उन्होंने अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बनाया, लेकिन जब वह अपनी सीमा रेखा लांघने लगे, तो पार्टी सुप्रीमो को उन पर अंकुश लगाना ही था। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी और भतीजे आकाश आनंद को धूमधाम से राजनीति में लाने के बमुश्किल पांच महीने बाद ही पद से



बर्खास्त कर दिया। आकाश आनंद की बर्खास्तगी का यह कठोर कदम उनकी पार्टी और समर्थकों के लिए बड़ा झटका है। लोकसभा चुनाव के बीच में उनके इस निणर्य ने पार्टी को अजीब स्थिति में ला दिया है, जिससे पार्टी का चुनावी अभियान भी बाधित हो रहा है। माना जा रहा है कि मायावती ने अपने उत्तराधिकारी को सत्ताधारी दल के दबाव में बर्खास्त किया है, लेकिन बात सिर्फ इतनी ही नहीं है। असल में, इससे उनका व्यक्तिगत अहंकार भी उजागर होता है, जिसके चलते बहनजी एक चुने हुए उत्तराधिकारी को भी शक्तियां सौंपने के प्रति अनिच्छुक हो गईं। उल्लेखनीय है कि सीतापुर में चुनावी रैली के दौरान दिए गए आनंद के भड़काऊ भाषण के तत्काल बाद यह विवादास्पद निणर्य लिया गया है। बताया जाता है कि उस रैली में उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी की थी, जो बुआ मायावती को भी ठीक नहीं लगी। बसपा के इस युवा नेता के साथ चार अन्य लोगों-बसपा उम्मीदवार महेंद्र यादव, श्याम अवस्थी, अक्षय कालरा और रैली आयोजक विकास राजवंशी पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि सत्तारूढ़ दल के खिलाफ की गई आक्रामक टिप्पणियों को लेकर मायावती अपने भतीजे से नाराज हैं। कहा जा रहा है कि उन्हें निजी तौर पर चेताया गया था कि अगर बसपा ने ऐसी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करना बंद नहीं किया, तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। गौरतलब है कि बसपा सुप्रीमो मायावती भी राजनीतिक जीवन के शुरुआती वर्षों में काफी तेज-तर्रार थीं और अपने विरोधियों के खिलाफ तीखे भाषण देती थीं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ बोलने में काफी सावधानी बरती है। ऐसी अफवाहें भी हैं कि बहनजी ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए उनके साथ गुप्त समझौता किया है। हालांकि भाजपा के साथ उनका कोई औपचारिक गठबंधन नहीं है और वह अपने भाषणों और ट्वीट में सरकार की सांकेतिक रूप से आलोचना भी करती रही हैं। अन्य विपक्षी दल उन पर आरोप लगाते हैं कि वह भाजपा विरोधी वोटों को बांटने के लिए विधानसभा व लोकसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़े करती हैं। बदले में उन्हें पिछले कई दशकों से चले आ रहे भ्रष्टाचार के मामलों में राहत मिली हुई है। फिर भी ऐसे महत्वपूर्ण समय में अपने भतीजे को पद से हटाने के पीछे सरकारी दबाव के अलावा अन्य कारण भी हो सकते हैं। जब बीमार कांशीराम ने बसपा की बागडोर उन्हें सौंपी थी, उस समय भी उन्होंने किसी अन्य पार्टी नेता के साथ सत्ता साझा करने से इन्कार कर दिया था और पार्टी नेताओं से सिर्फ वफादारी ही नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण की मांग की थी। वैसे भी आजकल ज्यादातर पाटिर्यों में एक सर्वोच्च नेता का वर्चस्व बढ़ रहा है और बसपा में तो बहनजी एक अनोखे पद पर आसीन हैं ही। दिलचस्प तथ्य यह है कि पांच साल पहले जब नरेंद्र मोदी और भाजपा ने दूसरी बार प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की थी, तो उसके एक हफ्ते बाद ही मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का राष्ट्रीय संयोजक बना दिया था। कुछ वर्षों बाद बसपा सुप्रीमो ने सार्वजनिक रूप से आनंद की तारीफ करते हुए कहा था कि उन्हें पार्टी में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार किया जा रहा है। वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान मायावती ने लंबे समय से अपने कानूनी सलाहकार और विश्वासपात्र रहे सतीशचंद्र मिश्र पर वरीयता देते हुए आनंद को अपने बाद पार्टी का दूसरा स्टार प्रचारक बनाया था। इसलिए कुछ महीने पहले जब मायावती ने आकाश आनंद को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बनाने की घोषणा की, तो ऐसा लगा कि बसपा ने अब अपने भविष्य की रूप-रेखा तैयार कर ली है, जो एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा था। इससे भी बड़ी बात यह कि आकाश आनंद को चंद्रशेखर आजाद जैसे युवा नेता की काट माना जा रहा था, जो उत्तर प्रदेश में बसपा के गढ़ में सेंध लगाना चाह रहे हैं। लेकिन भतीजे को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित करते वक्त भी बहनजी ने स्पष्ट संदेश दिया था कि उत्तर प्रदेश एवं पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में पार्टी से जुड़े सभी मामले वह स्वयं देखेंगी, जबकि आनंद देश के अन्य राज्यों का कामकाज संभालेंगे। लेकिन 2024 के संसदीय चुनाव प्रचार की गर्मी जैसे ही बढ़ने लगी, वह उत्साही युवा यह भूल गया कि उसकी अहंकारी बुआ ने उसके लिए एक सीमा निर्धारित कर दी है। बताया जाता है कि आनंद ने अपने उग्र चुनावी भाषणों से युवा दलितों के बीच खुद को फायरब्रांड नेता के रूप में पेश करने के लिए भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की बात की। आनंद की चुनाव प्रचार की यह उग्र बयानबाजी उनकी डरी-सहमी बुआ से बिल्कुल अलग थी, जो उसकी बर्खास्तगी का कारण बनी। अब इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है कि अपने उभरते हुए दलित युवा नेता और कुशल वक्ता को सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हुए पद से हटाकर बहुजन समाज पार्टी, जो कभी दलित राजनीति की ताकत मानी जाती?थी, ने अपने राजनीतिक ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम किया है, और अपने पुराने खोखले आवरण में सिमट गई है।?मायावती ने अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी को भाजपा सरकार पर हमले के बाद यह कहकर हटा दिया कि वह अभी परिपक्व नहीं है। इससे एक स्वतंत्र नेता के रूप में आनंद की प्रतिष्ठा धूमिल होगी। बसपा का जनाधार पहले ही काफी घट चुका है। ऐसे में, इससे दलित उपजाति जाटव का भी उससे मोहभंग होगा। इससे भाजपा और इंडिया गठबंधन, दोनों को लाभ हो सकता है। इसके अलावा दलित मतदाताओं की मतदान करने में भी रुचि घटेगी।

## फारूख अब्दुल्ला और चूड़ियों की बात, याद आया पाकिस्तानी पीएम मुशर्रफ का 'फिल्मी' डायलॉग



पाकिस्तान से वार्ता कश्मीर के राजनीतिक दलों का प्रिय एजेंडा रहा है, क्योंकि तभी उनकी भूमिका बरकरार रहेगी, अन्यथा वे असुरक्षित हो जाएंगे।उन्होंने भी कोई चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं। उनके पास भी एटम बम हैं, वे हमारे ऊपर ही गिरेंगे। यह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पीओके के स्वयं भारत में आकर मर्ज होने के बयान पर फारूख अब्दुल्ला की प्रतिक्रिया है, जिससे देश का हर व्यक्ति हैरान है। पाठकों को याद होगा कि जनरल मुशर्रफ ने भी आगरा समिट के समय कहा था, 'हमने कौन-सी चूड़ियां पहन रखी हैं!' लगता है कि फारूक अब्दुल्ला को वही डायलॉग याद था। साफ है कि फारूख अब्दुल्ला ने फिर से वही पुराना राग छेड़ दिया है। एक दिन पहले वायुसेना की गाड़ियों के काफिले पर पुंछ में हुए आतंकी हमले में हमारा एक वायुसैनिक बलिदान हो गया और चार घायल हो गए। सेना आतंकियों को खोजने में लगी थी और फारूख अब्दुल्ला टिप्पणी कर रहे थे कि जब तक भारत और पाकिस्तान में वार्ता नहीं होगी, दहशतगर्दी नहीं रुकेगी। चीन से बात हो रही है, तो पाकिस्तान से क्यों नहीं? दरअसल, फारूख का भय वही है, जो कभी शेख अब्दुल्ला का था। वह भय है पीओके की भारत में वापसी का। गौरतलब है कि 1947 में कबाइली आक्रमण के बाद भारतीय सेना ने कबायलियों को खदेड़ना प्रारंभ किया, तो बड़ी संख्या में कबायली मारे गए और बहुत से भाग गए। उनका पीछा कर रही हमारी सेना को अचानक उड़ी में रोक दिया गया। यह आदेश माउंटबेटन व नेहरू के अलावा कोई दे भी नहीं सकता था। उरी से आगे के इलाके में कश्मीरी नहीं बोली जाती। वह पहाड़ी, गोजरी, पंजाबी बोलने वाले गूजर बकरवालों, पंजाबियों, राजपूतों का इलाका है। वे शेख अब्दुल्ला के समर्थक नहीं थे। उनके भारत में रहने से शेख के राजनीतिक वर्चस्व को चुनौतियां मिलतीं। इसलिए पीओके को जान-बूझकर पाकिस्तान के कब्जे में जाने दिया गया। आज यदि पीओके व गिलगित-बालटिस्तान भारत में वापस आ गया, तो घाटी में फारूख के खानदानी वर्चस्व की संभावनाएं धूमिल हो जाएंगी। इसलिए फारूख अब्दुल्ला चाहते हैं कि पाकिस्तान से बातचीत हो, ताकि कोई ऐसा समझौता हो जाए कि पीओके व गिलगित-बालटिस्तान भारत में न आ सके और नियंत्रण रेखा को ही अंतरराष्ट्रीय सीमा मान लिया जाए। इसलिए फारूख के ऐसे बयान आते रहे हैं और आते रहेंगे। इन दिनों कश्मीर में भी वहां की पांच संसदीय सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। संभावना है कि पिछले वर्षों के 5-10 फीसदी की तुलना में इस बार बड़ी संख्या में मतदाताओं की भागीदारी होगी। बारामूला से उमर अब्दुल्ला, अनंतनाग-राजौरी से महबूबा मुफ्ती उम्मीदवार हैं। ये चुनावों में पाकिस्तान एवं अलगाववाद को मुद्दा बनाते रहे हैं। इसलिए मौका मिलते ही फारूख ने अपना खानदानी पाकिस्तान कार्ड चल दिया, जो उनके पिता भी अक्सर चला करते थे। बहरहाल, तब से अब तक झेलम में बहुत पानी बह गया है। अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने, कश्मीर व लद्दाख के अलग-अलग केंद्रशासित प्रदेश बन जाने के बाद अब यह चुनाव जम्मू व कश्मीर की जनभावनाओं का लिटमस टेस्ट जैसा है। पूर्ण राज्य से कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बना देने और फिर कश्मीर के औद्योगिकीकरण के साथ आर्थिक व बुनियादी संरचना विकास और रोजगार का अभियान चलाने से एक मिला-जुला परिदृश्य उभरा है। आम मतदाता समझते हैं कि रेल नेटवर्क, हाईवे यातायात का विकास व परिणामस्वरूप पर्यटन की पर्याप्त संभावनाएं कश्मीर का भाग्य बदल देंगी। लेकिन देखना होगा कि इन सब सकारात्मक परिवर्तनों का असर चुनावों में आम आदमी की सोच पर किस तरह से पड़ने वाला है। पाकिस्तान से वार्ता शुरू से ही जम्मू कश्मीर के राजनीतिक दलों, चाहे वह नेशनल कॉन्फ्रेंस हो या महबूबा मुफ्ती की पीडीपी, का प्रिय एजेंडा रहा है। उन्होंने घाटी में आतंकियों व आईएसआई की दहशत के लंबे दौर देखे भी हैं। वे पाकिस्तान की भूमिका का समापन नहीं चाहते। वे चाहते हैं कि दोनों मुल्कों की राजनीतिक शतरंज में कश्मीर की खुदमुख्तारी का मुद्दा बना रहे। तभी कश्मीर की राजनीति में उनकी भूमिका बरकरार रहेगी, अन्यथा वे अप्रासंगिक व असुरक्षित हो जाएंगे। इसलिए उन्हें पाकिस्तान फैक्टर की जरूरत महसूस हो रही है। मगर अब घाटी की हवा बदल रही है। अब कश्मीर के लोगों को मजहबी व क्षेत्रीय सीमाओं में बांधे रखना मुश्किल होता जाएगा। अलगाववाद, बैंकमनी व बैंकमेल के जरिये राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले धीरे-धीरे हाशिये पर चले जाएंगे।

## चुनावी दौर में जहरीली शराब का धंधा अवैध शराब बनाने वालों और उनके सहयोगियों पर नकेल कसना समय की मांग

इस बार लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के बाद पंजाब के संगरूर में जहरीली शराब से 21 लोगों की मौत ऐसी पहली घटना है।लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इस समय पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। लेकिन पिछले 20 मार्च को पंजाब के संगरूर जिले में जहरीली शराब से पांच की मृत्यु हो गई और कुछ लोग भर्ती किए गए। मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 तक पहुंच गई। इस घटना का तत्काल ही चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया और पंजाब सरकार के मुख्य सचिव व डीजीपी को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। इस बार लोकसभा चुनावों में आचार संहिता लागू होने के बाद जहरीली शराब पीने से मौत की यह पहली घटना है। वर्ष 2019 में ओडिशा में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। उस दौरान भी 30 अप्रैल, 2019 में भद्रक जिले में जहरीली शराब पीने से पांच लोग मरे व 28 बीमार हुए थे। उस दिन राज्य में चौथे व अंतिम चरण का मतदान था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, के लिए ये रसायन मिथाइल अल्कोहल नोएडा से तथा बोतलें व ढक्कन बनाने का सामान लुधियाना से खरीदा गया था। बताया जा रहा है कि शराब बनाने की जानकारी यूट्यूब से जुटाई गई थी और कुछ जरूरी सामान ऑनलाइन भी खरीदा गया था। पंजाब पुलिस और आबकारी विभाग को छापों में जगह-जगह हजारों लीटर शराब, सैकड़ों खाली व भरी अवैध शराब की बोतलें, पेटियां एवं भट्ठियां मिल रही हैं। किंतु मौके पर शराब बनाते अपराधी कम ही पकड़े जा रहे हैं। हालांकि सांविधानिक प्रतिबद्धता देश में मद्यपान को कम करने की है, किंतु राज्य ज्यादा से ज्यादा शराब की दुकानों की संख्या बढ़ाने में लगे हैं। उनका तर्क होता है कि इससे अवैध व नकली शराब के जोखिम कम होंगे। अनुमानतः औसतन राज्यों को करीब ढाई लाख करोड़ का राजस्व शराब की बिक्री से मिलता है। इसलिए कोरोना महामारी के दौरान बंद शराब की दुकानों को खुलवाने के लिए राज्य बेताब थे।



राजनीतिक पाटिर्यों द्वारा बांटे गए पैसे से लोगों ने शराब खरीदी थी और राजनीतिक दलों द्वारा भी शराब बांटी गई थी। सितंबर, 2022 में हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई थी। उत्तर प्रदेश में भी पंचायत चुनावों के दौरान जहरीली शराब कांड हुए थे। अलीगढ़ में जहरीली शराब पीने से मई, 2021 में अस्सी लोग मर गए थे। लोकसभा, विधानसभा या पंचायतों के चुनावों में भी मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दल और उम्मीदवार कच्ची-पक्की, सस्ती-महंगी शराब बांटते रहते हैं। इसलिए चुनाव आयोग नकदी के साथ शराब या नशीले पदार्थों पर भी निगरानी रखता है। अभी देश भर में शराब पकड़ी जा रही है। राज्यों में इसके लिए विशेष छापामार दस्ते तैनात किए गए हैं। उत्तराखंड में तो ड्रोनों की मदद से शराब बनाने वालों पर नजर रखी जा रही है। संगरूर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का गृह जिला भी है। वह जब प्रभावित परिवारों से मिलने गए, तो गांव वालों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा खुलेआम चल रहा है। इस कांड की जांच के लिए विशेष उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन हो चुका है। दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। संगरूर कांड में नकली शराब में मिथेनॉल पाया गया। शराब बनाने, वितरण, प्रबंधन आदि राज्यों का विषय है। 19 जुलाई, 2022 को गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने एक लिखित जवाब में संसद को बताया कि वर्ष 2016 से 2020 के बीच जहरीली शराब पीने से देश में 6,000 मौतें हुईं थीं। देखने में आता है कि विभिनन्न जहरीली शराब कांडों में जो अपराधी पकड़े जाते हैं, वे पहले भी ऐसे ही कारोबारों में कई बार सजा व जमानत पाए हुए होते हैं। बाहर निकलते ही वे फिर से पुराने धंधे में लग जाते हैं। संगरूर घटना के ज्यादातर आरोपी पहले ही हिस्ट्रीशीटर थे। संगरूर हादसा होली से ठीक पहले हुआ था, जब शराब की मांग बढ़ जाती है। शराब की मांग बढ़ जाने पर शराब तस्करों के साथ-साथ अन्य अपराधी भी नकली शराब के धंधे में सक्रिय हो जाते हैं। जब भी ऐसी कोई घटना होती है, तो दोषियों को मौत की सजा देने की भी मांग उठने लगती है, फिर धीरे-धीरे सब कुछ ठंडा पड़ जाता है। ऐसी घटनाओं पर खूब जमकर राजनीति होती है और भारी मुआवजे की मांग होती है। कई बार ऐसी घटनाओं में पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत की भी बात सामने आई है। जब तक अवैध शराब बनाने वालों और उन्हें सहयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, ऐसे दर्दनाक हादसे होते रहेंगे।

## अभिनेत्री वैजयंतीमाला व अभिनेता चिरंजीवी को पद्म विभूषण

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया। समारोह में गुजरे जमाने की अभिनेत्री वैजयंतीमाला बाली और तेलुगु स्टार कोनिडेला चिरंजीवी को पद्म



फातिमा बीवी को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश फातिमा बीवी को विभूषण से सम्मानित किया गया। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। समारोह में गुजरे जमाने की अभिनेत्री वैजयंतीमाला बाली और तेलुगु स्टार कोनिडेला चिरंजीवी को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एअर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू की हड़ताल खत्म, सभी मुद्दों का होगा समाधान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**मुंबई।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन एअर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है और ड्यूटी पर लौटने का फैसला किया है। कथित कुप्रबंधन के विरोध में मंगलवार रात से केबिन क्रू के एक वर्ग ने बीमार पड़ने की सूचना देनी शुरू कर दी थी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन एअर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू ने





अपनी हड़ताल वापस ले ली है और ड्यूटी पर लौटने का फैसला किया है। कथित कुप्रबंधन के विरोध में मंगलवार रात से केबिन क्रू के एक वर्ग ने बीमार पड़ने की सूचना देनी शुरू कर दी थी। इस कारण एयरलाइन को गुरुवार को दूसरे दिन अपनी 85 उड़ानें रद करनी पड़ीं इस कारण एयरलाइन को गुरुवार को दूसरे दिन अपनी 85 उड़ानें रद करनी पड़ीं और 283 उड़ानों का संचालन किया। एक्सप्रेस के कर्मचारियों के एक वर्ग में असंतोष है। केबिन क्रू के एक वर्ग ने कुप्रबंधन और कर्मचारियों के साथ व्यवहार में समानता के अभाव का आरोप लगाया था। केबिन क्रू के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियन द्वारा पिछले वर्ष श्रम विभाग में शिकायत दाखिल करने के बाद विलय की प्रक्रिया औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत पूरी की जा रही है।

### भारत को अस्थिर करने में जुटा अमेरिका', रूस के सनसनीखेज दावे के बाद विदेश मंत्रालय ने दिया ये बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** रणनीतिक साझीदार देश अमेरिका की एजेंसियों की तरफ से कभी भारत की धार्मिक आजादी के मुद्दे पर तो कभी



खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पनू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाकर घेरा जा रहा है। ऐसे में भारत का पुराना रणनीतिक साझीदार देश रूस भारत के समर्थन में खुलकर आया है। रूस ने यहां तक कहा कि अमेरिका भारत को अस्थिर करने की कोशिश में है। रणनीतिक साझीदार देश अमेरिका की एजेंसियों की तरफ से कभी भारत की धार्मिक आजादी के मुद्दे पर तो कभी खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पनू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाकर घेरा जा रहा है। ऐसे में भारत का पुराना रणनीतिक साझीदार देश रूस भारत के समर्थन में खुलकर आया है। रूस ने यहां तक कहा कि अमेरिका भारत को अस्थिर करने की कोशिश में है। पनू की हत्या की साजिश के मामले में रूस ने कहा कि अमेरिका की तरफ से कोई ठोस सुबूत नहीं दिया गया है। जानकार रूस की तरफ से आए इन बयानों को अमेरिका के साथ उसके खराब रिश्तों के संदर्भ में देख रहे है, लेकिन कुछ लोग यूक्रेन विवाद के बाद भारत की तरफ से रूस को दिए समर्थन से भी इसे जोड़ रहे हैं। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा, 'अमेरिका को भारत के इतिहास और मानसिकता की समझ नहीं है। इसलिए अमेरिका लगातार भारत पर धार्मिक आजादी के मुद्दे पर आधारहीन आरोप लगा रहा है। इसका कारण यह है कि अमेरिका भारत में आंतरिक संतुलन को प्रभावित करना चाहता है और वहां चल रहे आम चुनाव को पेचीदा बना रहा है। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है।

## श्री राम कथा को उमड़े श्रद्धालु लगे जयकारे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** सदर तहसील क्षेत्र के कर्म ब्लाक अंतर्गत भरुहा बागेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर बीते 1 में से 9 में तक चला संगीत में नवदुषी प्रभु के निर्माण स्थल पर श्री राम कथा का आयोजन आयोजित किया गया जो बीते 1 मई से 9 मई तक चला इसके उपरांत शुक्रवार को विशाल भंडारा कर प्रसाद वितरण




श्री राम कथा एवं यज्ञ शुक्रवार को भाव भंडारे का किया जाएगा आयोजन । आयोजन अरुण तिवारी अनिल तिवारी ने बताया कि ऐतिहासिक सिद्ध पीठ में प्रथम श्री हनुमान जी महाराज की 111 फीट ऊंची प्रतिमा वह संपूर्ण भारतवर्ष के तीसरे श्री परदेश्वर महादेव जी का मंदिर निर्माण कार्य पावन धरा पर शुरू किया गया जिसमें भिक्षा यात्रा जारी है प्रभु के निर्माण कार्य में हमेशा गति बनी रहे इसके लिए कराया जाएगा। आयोजक ने बताया कि कथा वाचक पूज्य श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज महाराज द्वारा सुबह शाम लोगों के बीच संगीत मय नव दिवसीय श्री राम कथा एवं यज्ञ कथा संपनन कराया गया। इस दौरान मौजूद अरूण तिवारी ,अनिल तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी ,आनन्द तिवारी, डी एन तिवारी , कौशलेंद्र तिवारी , संजय श्रीवास्तव ,एवम् समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।

## भरत मिलाप का किया भावपूर्ण वर्णन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित पॉकेट 7 के सेंट्रल पार्क में आयोजित



श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज ने दशरथ मरण व भरत मिलाप का मार्मिक प्रसंग सुनाया। भगवान राम, लक्ष्मण और सीता सहित चित्रकूट में वास करते हैं। इधर राजा दशरथ राम के वियोग में अपने प्राण त्याग देते हैं। भरत जब अयोध्या लौटते हैं तो राम जी को वनवास और पिता की मृत्यु पर अपनी मां को धिक्कारते है। भरत जी गुरु व माताओं सहित चित्रकूट राम जी को मनाने पहुंचते हैं । भगवान राम उनको गले से लगाकर मिलते है और पिता का आदेश याद दिलाकर वापस अयोध्या भेज देते है। भरत भगवान राम की खड़ाऊँ लेकर सभी के साथ अयोध्या वापस आ जाते हैं। आरडब्लूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 10 मई को पंचवटी निवास, सीता हरण, शबरी पर कृपा आदि प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। इस अवसर पर देवमणि शुक्ला, रवि राघव, गोरे लाल, रमेश वर्मा, संजय पांडे, अंगद सिंह तोमर, हरि सिंह, संजय शुक्ला, एस के तिवारी (सुरभि पब्लिक स्कूल)रमेश दास, हंसमणि शुक्ला, विकास शर्मा, राजेश गुप्ता, जे पी सिंह,विश्वनाथ त्रिपाठी, गौरव, नीरज शर्मा, जितेंद्र सतपति, रविंद्र कुमार, देवेंद्र गुप्ता, बहादुर चौहान, संतोष कुमार यादव, अनूप सिंह, संगम प्रसाद मिश्रा, कोमल यादव,प्रकाश जोशी, संदीप, सर्वेश तिवारी, दीपक तिवारी, विष्णु शर्मा, सुशील पाल, अजय सिंह,नीरज शर्मा, उमाकांत त्रिपाठी, सर्वेश तिवारी, सुबोध तिवारी, अवनीश तिवारी, विकास कुमार, उत्तम चंद्रा , राजवीर सिंह,सी एल तिवारी,सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

## भाजपा ने हिंदुओं की जनसंख्या में गिरावट के लिए कांग्रेस जिम्मेदार ठहराया, विपक्ष ने रिपोर्ट की टाइमिंग पर उठाया सवाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** देश में मुसलमानों की बढ़ती आबादी और इसका एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर भाजपा ने गहरी चिंता जताई है। सत्तारूढ़ दल भाजपा का कहना है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो वह अल्पसंख्यक समुदाय को आरक्षण दिलाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देगी। देश में हिंदुओं की जनसंख्या में इतनी गिरावट के लिए भाजपा ने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। देश में मुसलमानों की बढ़ती आबादी और इसका एससी एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर भाजपा ने गहरी चिंता जताई। सत्तारूढ़ दल भाजपा का कहना है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो वह अल्पसंख्यक समुदाय को आरक्षण दिलाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देगी। देश में हिंदुओं की जनसंख्या में इतनी गिरावट के लिए भाजपा ने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की हाल में आई एक रिपोर्ट पर दी है, जिसमें कहा गया है कि भारत में वर्ष 1950 से 2015 के बीच हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 7.82 प्रतिशत घट गई है जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी 43.15 प्रतिशत बढ़ गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह चिंताजनक लेकिन एक दशक से ज्ञात तथ्य है। अगर आप 1951 की जनगणना देखेंगे तो हिंदू जनसंख्या 88 प्रतिशत थी और मुसलमान 9.5 प्रतिशत ही थे। लेकिन 2011 की जनगणना में हिंदुओं की आबादी 80 प्रतिशत से घटकर 79.8 प्रतिशत रह गई जबकि मुसलमानों की आबादी का प्रतिशत बढ़कर 14.5 हो गया।




# हमारा मजाक मत उड़ाइए', यूपी वालों और बिहारियों के लिए बोले मनोज बाजपेयी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**मुंबई जैसे देश के कुछ राज्यों में बिहार और उत्तर प्रदेश में रहने उत्तर भारतीयों को भैया कहकर संबोधित किया जाता है। कई बड़े शहरों में इसका मजाक भी उड़ाया जाता है। गुरवार को तीन बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इस विषय पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें सम्मान दीजिए, मजाक मत उड़ाइए। उन्होंने यह बातें मुंबई में अपनी आगामी फिल्म भैयाजी के ट्रेलर लांच के दौरान कही। मनोज ने सवाल पूछने वाले मीडिया कर्मी पर चुटकी लेते हुए कहा कि कुछ ना कुछ विवाद तो होना ही चाहिए है ना? आगे बोले जहां तक मुझे पता है बड़े शहरों में बिहार यूपी या मध्य प्रदेश या छत्तीसगढ़ के लोगों को बड़े मजाकिया अंदाज में भैयाजी कहते हैं। इसका मतलब यह है कि मजाक मत उड़ाओ इज्जत दो। आदर दो। मनोज स्वयं बिहार के बेलवा से आते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या फिल्म की टैगलाइन 'भैया नहीं, भैया जी कहो' का कुछ अलग संदेश भी है। इस पर मनोज ने सवाल पूछने वाले मीडिया कर्मी पर चुटकी लेते हुए कहा कि कुछ ना कुछ विवाद तो होना ही चाहिए, है ना (हंसते हैं) जहां तक मुझे पता है बड़े शहरों में बिहार, यूपी या मध्य प्रदेश या छत्तीसगढ़ के लोगों को बड़े मजाकिया अंदाज में भैयाजी कहते है। आगे बोले कि यह भैयाजी है तो हमें लगा कि यह अच्छी लाइन है। इसका मतलब यह है कि मजाक मत उड़ाओ, इज्जत दो। आदर दो। आप लोगों का आशीर्वाद रहा फिल्म चलेगी तो शायद भैयाजी कहलवाना हर कोई पसंद करेगा।आगे उन्होंने कहा कि शबाना (पतनी ) के पिता एक अच्छी बात कहते थे कि जब भी कोई आपसे आपकी पृष्ठभूमि या जाति के बारे में कुछ नकारात्मक कहता है, तो उस पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे दूसरे की मनास्थिति पता चलती है। उस पर आप सिर्फ हंसिए कि कितना बेवकूफ आदमी है। आखिर में तो हम सब भारतीय ही हैं। मनोज की फिल्म भैयाजी 24 मई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।



# समंदर किनारे, आंखों में आंसू लिए शाह रुख खान ने किया था प्रपोज, पत्नी गौरी ने ठुकराया, बोले- 'वह कठोर दिल


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान और गौरी खान बी-टाउन के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। दोनों ने 25 अक्टूबर 1991 में शादी की थी। कपल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। शायद ही आपको पता हो कि गौरी ने एक बार शाह रुख की शादी का प्रपोजल भी ठुकरा दिया था। और उनकी पतने गौरी खान की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। गौरी को पटाने में शाह रुख को खूब पापड़ बेलना पड़ा था। पहले डेट करने के लिए शाह रुख ने गौरी को पटाया और फिर शादी के लिए काफी मशक्कत की। एक बार तो गौरी उन्हें छोड़कर मुंबई भाग आई थीं। तब एक्टर ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया थ शाह रुख खान ने प्रीति जिंटा के साथ बातचीत में एक बार गौरी खान से जुड़ा एक किस्सा सुनाया था। शाह रुख ने बताया था कि उनके पजेसिव बिहेवियर के चलते गौरी उनसे नाराज हो गई थीं और रिलेशनशिप से ब्रेक लेकर दोस्तों के साथ अभिनेता को बिना बताए मुंबई आ गई थीं। तब बड़ी मुश्किल से शाह रुख ने उन्हें ढूंढा और शादी के लिए प्रपोज कर दिया।शाह रुख खान ने कहा था, ठउन्हें ढूंढते-ढूंढते मुंबई आ गया था। उसने मुझे बताया था कि वह यहां आई है। ऐसे ही ढूंढता रहा, सारे पैसे खर्च हो गये थे। पेंटाक्स का एक कैमरा था, वो भी बेचना पड़ गया मुझे। मैं और मेरा दोस्त सड़कों पर घूमते रहे। मुझे लगा कि उसको समंदर बहुत पसंद है तो वह किसी बीच पर होगी।शाह रुख खान ने बताया कि उन्हें सिर्फ पिक्चर वाला बीच ही पता था। मतलब उन्हें सिर्फ एक ही बीच मरीन ड्राइव के बारे में ही पता था। फिर उन्होंने एक ऑटो ड्राइवर से पूछा तब उन्होंने बताया कि मुंबई में कई सारे बीच हैं। मगर उनके पास सभी बीच घूमने के लिए ज्यादा पैसे नहीं थे। तब शाह रुख ने ड्राइवर से कहा था, ठमैंने उनसे कहा कि मेरे पास इतने ही पैसे हैं। आप रख लीजिए। जहां तक आपका मीटर खत्म होगा, वहां तक ले जाइएगा।शाह रुख ने बताया, ठमैं टाउन से मड आईलैंड तक गया। समुद्री तटों पर घूमता रहा। फिर एक समुद्री तट पर मिल गई मुझे। उसका वहां लास्ट डे था। मैं उसको देखकर रोया भी। वह भी रोई। उसने मुझसे कहा कि तुम चलो मेरे साथ। मैंने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं है और ट्रेन के पैसे नहीं है।शाह रुख खान ने बताया था कि इसके बाद उन्होंने तुरंत गौरी खान को शादी के लिए प्रपोज कर दिया था, लेकिन उन्होंने प्रपोजल ठुकरा दिया। शाह रुख ने कहा था, ठमैंने उससे कहा कि चल शादी करते हैं। मगर उसने मना कर दिया। वह काफी कठोर दिल की थी। एक साल बाद मेरी मां का निधन हो गया था। वह मेरे लिए बुरा फील कर रही थी। इसलिए उसने कहा, ठचलो शादी करते हैं।ठ वह नहीं चाहती थी कि मैं एक्टर बनूं। मैंने शादी के लिए हामी भर दी।शाह रुख तो गौरी से शादी करने के लिए राजी हो गये, लेकिन उनके प्रोड्यूसर्स नहीं चाहते थे कि दोनों शादी करे। बकौल अभिनेता, ठमेरे प्रोड्यूसर्स ने साफ कहा कि गौरी से शादी मत करो। उनका कहना था कि बैचलर हीरो की फैन फॉलोइंग ज्यादा होती है, लेकिन मैंने कहा कि मुश्किल से पटाया है। शादी करनी पड़ेगी।गौरी और शाह रुख के तीन बच्चे हैं- सुहाना, आर्यन और अबराम। सुहाना ने 'द आर्चीज' मूवी से फिल्मी दुनिया में कदम रख लिया है। आर्यन 'स्टारडम' सीरीज से डायरेक्शन शुरू कर रहे हैं।





# निक जोनस की तारीफ में प्रियंका चोपड़ा ने किया दिल छू लेने वाला पोस्ट, 'पावर बैलड' से दिखाया पति का पहला लुक


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** निक जोनस सिंगर होने के साथ-साथ एक अभिनेता भी हैं। वह कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। अब निक ने अपनी आगामी फिल्म 'पावर बैलड' की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसकी जानकारी खुद प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर दी है।के पति चम्व् व्दर्हे सिंगिंग के साथ अभिनय भी करना जानते हैं। वह कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। अब निक ने अपनी आगामी फिल्म पावर बैलड की शूटिंग भी शुरू कर दी है। बीमारी के बाद निक अपनी फिल्म के सेट पर लौट आये हैं। हाल ही में प्रियंका ने पति को चीयर करने के लिए एक पोस्ट शेयर किया है।निक जोनस को कुछ समय पहले इंफ्लुएंजा ए हो गया था। बीमारी के चलते सिंगर को अपना कॉन्सर्ट भी कैंसल करना पड़ा था। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए अपने फैंस से माफी मांगी थी। अब पांच दिन बाद निक ने फिल्म के सेट पर वापसी कर ली है। निक जोनस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शूट से जुड़ी जानकारी साझा की है। सिंगर ने एक पोस्ट में लिखा, ठकाम पर लौटकर खुश हूं। पावर बैलड के सेट पर पहला दिन। चलो करते हैं।ठ 'पावर बैलड' की कहानी जॉन कार्नी (व्दफ्ह र्ण्हाब) और पीटर मैकडोनल्डने लिखी है।निक जोनस के काम पर लौटने से प्रियंका चोपड़ा भी काफी खुश हैं। उन्होंने पति को चीयर करने के लिए एक दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया है। एक्ट्रेस ने 'पावर बैलड' से निक का लुक शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, ठपति की सराहना पोस्ट। जैसे मैंने खत्म किया, उन्होंने शुरू किया। यूनिवर्स हमें सिंक में रखता है। रीयूनाइट करने के लिए खुश हूं, क्योंकि उन्होंन पावर बैलड की शूटिंग शुरू कर दी है।प्रियंका चोपड़ा ने आगे लिखा, ठआपके पहले दिन के लिए बधाई हो बेबी। आप जैसा कोई नहीं जो इतनी ज्यादा मेहनत करता है। यह बहुत शानदार होने जा रहा है।



# बिग बॉस के एक्स कंटेस्टेंट अब्दु रोजिक बनने जा रहे हैं दूल्हा, इंडियन नहीं इस देश की लड़की से करेंगे शादी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तजाकिस्तान के रहने वाले अब्दु रोजिक ने जब से सलमान खान के विवादित शो बिग बॉस 16 में हिस्सा लिया है, तब से उनकी किस्मत के सितारे बुलंदियों पर है। उन्होंने इस शो के खत्म होते ही जहां मुंबई में खुद का एक रेस्तरां खोला, तो वहीं उन्होंने बताया था कि अब उनकी हाइट थोड़ी सी बढ़ गयी है। में दिखे अब्दु रोजिक की जिंदगी में एक के बाद एक मिरिकल हो रहे हैं। हाइट बढ़ने की जानकारी के बाद अब हाल ही में सिंगर ने एक ऐसी खुशी फैंस के साथ शेयर की है जिसे सुनकर वह खुशी से झूम उठे हैं। अब्दु रोजिक जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। कब होगी उनकी शादी और कौन है उनकी दुल्हन जानें डिटेल्स। अब बिग बॉस में छोटे भाईजान बनकर मशहूर हुए अब्दु रोजिक की जिंदगी में एक और मिरिकल हुआ है। हाल ही में उन्होंने अपने फैंस को बताया कि वह जल्द ही शादी करने जा रहे हैं। अब्दु ने अपनी होने वाली पतने के लिए महंगी रिंग खरीदने के साथ ही ये भी खुलासा किया कि उनकी दुल्हनिया किस देश की है। अब्दु रोजिक जो अपनी हर खुशी उनके चाहने वालों के साथ बांटते हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी की सबसे अहम जानकारी भी अपने फैंस को दी। बीते दिन अब्दु रोजिक ने अपने फैंस के साथ आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। जिसे शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि वह चाहते थे कि उन्हें प्यार हो और उन्हें वह लड़की मिल गयी है, जो उनकी जो उनकी इज्जत करती है और बहुत प्यार दे रही है। मैं बहुत खुश और शुक्रगुजार हूंठ। इस वीडियो को शेयर करने के साथ ही अब्दु रोजिक ने अपनी दुल्हनिया के लिए ली डायमंड रिंग भी फैंस को दिखाई, जो दिल शेप की है। इस वीडियो को शेयर करते हुए अब्दु रोजिक ने कैप्शन में लिखा, ठमैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कभी ऐसा प्यार ढूंढ सकूंगा जो मेरी जिंदगी में आने वाले चैलेंजस को मुसीबत न समझे। 7 जुलाई की तारीख सेव कर लीजिएठ। अब्दु रोजिक इंडिया से कितनी मोहब्बत करते हैं।





# अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी प्रेसीडेंट बनीं इसाबेल हूपर्ट, विजेता को दिया जाएगा गोल्डन लायन अवॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी एक्ट्रेस इसाबेल हूपर्ट 81वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी की अध्यक्षता करेंगी। फिल्म फेस्टिवल 28 अगस्त से 7 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। हॉलीवुड रिपोर्टर वेबसाइट के मुताबिक, ज्यूरी गोल्डन लायन समेत अन्य अवॉड्र्स के लिए विजेताओं का चुनाव करेगी। इसाबेल हूपर्ट फ्रेंच सिनेमा की जानी-मानी अदाकारा हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत सत्तर के दौर में की थी और कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया। ऑस्कर अवॉड्र्स के नॉमिनेशंस में वो अपनी जगह बना चुकी हैं। वेनिस फिल्म फेस्टिवल दुनिया के सबसे बड़े फेस्टिवल्स में से एक है। इस फेस्टिवल की शुरुआत 1932 में हुई थी। दुनियाभर की फिल्में यहां दिखाई जाती हैं। फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर अरबटी बरबेरा की संस्तुति पर बिएनेल डी वेनेजियो के बोर्ड डायरेक्टर्स ने ज्यूरी के अध्यक्ष की चुनाव किया है। हूपर्ट ने कहा कि इस फेस्टिवल और मेरे बीच संबंधों का एक लम्बा इतिहास है। विशेष अधिकार रखने वाला दर्शक बनना वाकई सम्मान की बात है। सिनेमा हमारा वादा है। इस फेस्टिवल के बहाने दुनिया को अलग नजर से देखने का मौका मिलता है। बरबेरा ने हूपर्ट को चुने जाने पर खुशा जताते हुए कहा कि वो गहरी और उत्सुक अदाकारा हैं। साथ ही बेहद सज्जन भी। बरबेरा ने आगे कहा कि उन्होंने कभी भी नये और जवान निर्देशकों को नहीं ठुकराया। वेनिस फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी के लिए वो उपयुक्त प्रेसीडेंट हैं। 71 साल की इसाबेल फ्रेंच सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस हैं। 2020 में उन्हें ऑस्कर अवॉड्र्स में नॉमिनेशन मिला था। गोल्डन ग्लोब और बाफ्टा अवॉर्ड जीत चुकी हैं। 1971 में उन्होंने टेलीविजन से अपने करियर की शुरुआत की थी। 1972 में उन्होंने रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ईंल्रिहा ू त ाँत् द्रू से फिल्मी करियर शुरू किया था। 1975 में आई अमेरिकन थ्रिलर फिल्म रोजबुड में उन्होंने पीटर ओटूले और रिचर्ड एटनबरो के साथ काम किया था। उन्होंने स्टेज पर भी काफी काम किया है। हाल ही में रिलीज हुई साइकोलॉजिकल ड्रामा फिल्म माई न्यू फ्रेंड्स में इसाबेल ने अहम भूमिका निभाई है।यह सलाना फिल्म फेस्टिवल है, जो वेनिस में आयोजित किया जाता है। यह दुनिया के सबसे पुराने और 5 सबसे बड़े फिल्म फेस्टिवल्स में शामिल है। इसकी शुरुआत 1932 में गिसेपी वोल्पी ने की थी, जो नेशनल फासिस्ट पार्टी के सदस्य और मशहूर निर्माता मैरीना सिकोगन के दादा जी थे।





# सीआईडी नहीं 'सत्या' को खास मानते हैं आदित्य श्रीवास्तव, कहा- 'हीरो बनने की गलतफहमी नहीं है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
मुंबई। फिल्म सत्या में इंस्पेक्टर खाडिलकर और धारावाहिक सीआईडी में इंस्पेक्टर अभिजीत की भूमिका से अभिनेता आदित्य श्रीवास्तव की ऑफिसर भूमिकाएं निभाने वाली छवि बनी। हालांकि, अब वह अलग-अलग प्लेटफार्म पर विविध भूमिकाएं निभा रहे हैं सीआईडी एक्टर आदित्य श्रीवास्तव की ऑफिसर भूमिकाएं निभाने वाली छवि बनी। हालांकि अब वह अलग-अलग प्लेटफार्म पर विविध भूमिकाएं निभा रहे हैं। आगामी दिनों में उनकी फिल्म बोले चूडि़यां फिर आई हसीन दिलरुबा और वेब सीरीज आईसी 814 समेत कई प्रोजेक्ट कतार में है। आदित्य से उनके वर्तमान दौर और पेशेवर सफर पर जागरण डॉट कॉम की खास बातचीत... आगामी दिनों में उनकी फिल्म बोले चूडि़यां, फिर आई हसीन, दिलरुबा और वेब सीरीज आईसी 814 समेत कई प्रोजेक्ट कतार में है। आदित्य से उनके वर्तमान दौर और पेशेवर सफर पर जागरण डॉट कॉम की खास बातचीत... जब से डिजिटल प्लेटफार्म का दौर आया है, तो हर किस्म की संभावनाएं खुल गई हैं। हर कलाकार का एक सफर होता है। मुझे नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों तरह के रोल हमेशा मिलते रहे हैं।



# बच्चों के लिए जब मांओं ने पार कीं सारी हदें, एक्शन देख नस-नस में भर जाएगा रोमांच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मदर्स डे आने वाला है। यह दिन दुनियाभर में मांओं को समर्पित किया गया है। मां की ममता और बच्चों के लिए समर्पण को याद करने के लिए बच्चे अपनी मांओं को विश करते हैं। सिनेमा में भी मां का किरदार प्रमुखता के साथ दिखाया जाता रहा है। मदर्स डे इस रविवार को है। इस मौके पर ऐसी फिल्मों के बारे में जानकारी दे रहे हैं जिनके साथ मदर्स डे मनाया जा सकता है मगर इन फिल्मों में मां के आंसू नहीं बल्कि एक्शन देखने को मिलेगा। एक्शन से भर इन फिल्मों में दिखाया गया है की मां अपनी औलाद के लिए क्या क्या कर सकती है। मां का प्यार खतरनाक होता है। कभी इमोशनल तो कभी एक्शन फिल्मों के जरिए मां का अपने बच्चों के लिए लड़ने का जज्बा भी स्क्रीन पर आता रहा है। इस साल 12 मई को मदर्स डे सेलिब्रेट किया जा रहा है। यहां हम ऐसी फिल्मों के बारे में बता रहे हैं, जिनमें मांओं ने अपने बच्चों के लिए सारे बंधन तोड़ दिये और उनके हदें पार कर गईं। इन फिल्मों में मां अबलाओं की तरह नजर नहीं आतीं, बल्कि इनके तेवर देख नस-नस में रोमांच भर जाएगा। 2023 में आई इस फिल्म में जेनिफर लोपेज ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में जेनिफर ने यूएस मिलिट्री ऑपरेटिव का किरदार निभाया था, जिसका कोई नाम नहीं था, मगर उसे द मदर के नाम से जाना जाता था। अपनी बेटी को क्रिमिनल्स से बचाने के लिए मदर दुनिया इधर से उधर कर देती है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। दयह पोलिश एक्शन फिल्म है। एक पूर्व स्पेशल एजेंट के बेटे को जब किडनैप कर लिया जाता है तो मां उसे बचाने के लिए जो करती है, उससे साबित होता है कि एक मां का प्यार कितना खतरनाक हो सकता है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा में भी उपलब्ध है। यह ऑस्ट्रेलियन साइबरपंक थ्रिलर फिल्म है। दुनिया खत्म होने के बाद एक बंकर में मदर नाम का ड्रॉइड इंसानी भ्रूण को बड़ा करता है। यह ड्राइड एक मां की तरह बच्ची को दुनियानवी तौर तरीके और जरूरी बातें सिखाता है। मदर, डॉटर को बंकर से बाहर नहीं जाने देता, क्योंकि बाहर प्रदूषण है। इस फिल्म में हिलेरी स्वैंक ने भी एक भूमिका निभाई थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। एक उम्रदराज महिला नॉर्थवेस्ट आइलैंड में अपने कुत्ते के साथ अकेली रहती है। उसके चारों ओर रहस्य की एक परत है। किसी से ज्यादा बात नहीं करती और ना ही अपने बारे में बताती है। मगर, जब उसके पड़ोसी का बच्चा किडनैप हो जाता है तो उसके रहस्य की परतें धीरे-धीरे खुलती हैं और जो रूप सामने आता है, वो रूह कंपाने के लिए काफी है। नेटफ्लिक्स पर फिल्म देखी जा सकती है। सैंड्रा बुलक स्टारर फिल्म की कहानी एक मां के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बच्चों को अनजानी शक्तियों से बचाने के लिए पूरी जान लगा देती है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।